भारत के राजपत्र असाधारण के भाग-I खंड-I में प्रकाशनार्थ

फ. सं. 7/08/2024-डीजीटीआर
भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
(व्यापार उपचार महानिदेशालय)
चौथा तल, जीवन तारा बिल्डिंग, 5 संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

दिनांक: 12 फरवरी, 2025

मामला सं. एडी (एसएसआर) - 02/2024

अंतिम निष्कर्ष

विषय: चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "सोडियम साइट्रेट" के आयातों पर पाटनरोधी शुल्कों के संबंध में दूसरी निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी जांच – *के संबंध में।*

फा.सं. 7/08/2024-डीजीटीआर - समय-समय पर यथासंशोधित सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 और समय समय पर यथा-संशोधित सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं की पहचान उन पर पाटनरोधी शुल्क का आकलन और संग्रहण तथा क्षति का निर्धारण) नियमावली, 1995 ("पाटनरोधी नियमावली") को ध्यान में रखते हुए।

क. मामले की पृष्ठभूमि

1. **मेसर्स डेफोडिल फार्माकेम प्राइवेट लिमिटेड** (जिसे आगे "आवेदक" कहा गया है) ने चीन जन.गण. (जिसे आगे यहां "संबद्ध देश" कहा गया है) के मूल के अथवा वहां से निर्यातित सोडियम साइट्रेट (जिसे आगे "संबद्ध सामान" अथवा "विचाराधीन उत्पाद" कहा गया है) के आयातों के संबंध में दूसरी निर्णायक समीक्षा जांच शुरु करने और उन पर पाटनरोधी शुल्क की मात्रा जारी रखने की मांग करते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे यहां "प्राधिकारी" कहा गया है) के समक्ष एक आवेदन पत्र दायर किया है।

2. चीन जन.गण. से संबद्ध सामानों के आयात के संबंध में मूल पाटनरोधी जांच प्राधिकारी द्वारा 28.02.2014 को अधिसूचना संख्या 14/23/2013-डीजीएडी के तहत शुरू की गई थी। मूल जांच में अंतिम जांच परिणाम प्राधिकारी द्वारा 26.02.2015 को जारी किया गया था, जिसमें चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के आयातों पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की गई थी। उक्त सिफारिश को केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना संख्या 19/2015-सीमा शुल्क (एडीडी) दिनांक 20.05.2015 के तहत स्वीकार कर लिया गया था और चीन जन.गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों पर अंतिम पाटनरोधी शुल्क लगाए गए थे।

3. प्राधिकारी ने अधिसूचना संख्या 7/21/2019-डीजीटीआर दिनांक 25.10.2019 के द्वारा पहली निर्णायक समीक्षा जांच शुरू की। दिनांक 30.04.2020 के अपने अंतिम जांच परिणामों के माध्यम से, प्राधिकारी ने चीन जन.गण. से संबद्ध सामानों के आयातों पर संशोधित पाटनरोधी शुल्क को 5 वर्षों की एक और अवधि के लिए जारी रखने की सिफारिश की, जिसे बाद में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकार कर लिया गया और शुल्कों को 5 वर्षों की अवधि के लिए दिनांक 19.05.2020 की अधिसूचना संख्या 8/2020-सीमा शुल्क (एडीडी) के माध्यम से जारी रखा गया। दिनांक 19.05.2020 से 5 वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाए गए शुल्क 18 मई, 2025 तक वैध हैं।

4. घरेलू उद्योग द्वारा विधिवत प्रमाणित आवेदन पत्र के आधार पर और घरेलू उद्योग को पाटन की संभावना तथा परिणामी क्षति सिद्ध करते हुए, आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रथम दृष्टया साक्ष्य के आधार पर स्वयं संतुष्ट होने पर तथा नियमावली के नियम 23(1ख) के अनुसार, संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यातित संबद्ध सामानों के संबंध में लागू शुल्कों को लगाया जाना जारी रखने की आवश्यकता की समीक्षा करने और यह जांच करने के लिए 30 सितंबर, 2024 को अधिसूचना संख्या 7/08/2024-डीजीटीआर द्वारा जांच शुरु की थी कि क्या विद्यमान पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से घरेलू उद्योग में पाटन जारी रहने अथवा बार-बार होने तथा परिणामस्वरूप क्षति होने की संभावना है।

ख. <u>प्रक्रिया</u>

5. संबद्ध जांच के संबंध में नीचे वर्णित प्रक्रिया अपनाई गई है:

क. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार जांच शुरु करने की कार्यवाही से पूर्व वर्तमान पाटनरोधी आवेदन-पत्र की प्राप्ति के संबंध में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को अधिसूचित किया।

ख. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश से संबद्ध सामानों के आयातों के संबंध में दूसरी निर्णायक समीक्षा पाटनरोधी जांच शुरु करते हुए भारत के राजपत्र, असाधारण में प्रकाशित 30 सितंबर, 2024 को सार्वजनिक सूचना जारी की।

ग. प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास, संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों और निर्यातकों, ज्ञात आयातकों, आयातक/प्रयोक्ता, एसोसिएशनों, घरेलू उद्योग, अन्य ज्ञात भारतीय उत्पादकों और आवेदक द्वारा उपलब्ध कराए गए पतों/ईमेल के अनुसार अन्य हितबद्ध पक्षकारों को दिनांक 30 सितंबर, 2024 की जांच की शुरुआत की अधिसूचना की प्रति भेजी। हितबद्ध पक्षकारों को सलाह दी गई थी कि वे निर्धारित स्वरूप और तरीके में संगत सूचना दें और नियमावली के नियम 6(2) और 6(4) के अनुसार निर्धारित समय सीमा के भीतर लिखित में अपने ज्ञात अनुरोध दें।

घ. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों तथा संबद्ध देश की सरकार को भारत में उसके दूतावास के माध्यम से आवेदन-पत्र के अगोपनीय रूपांतर की प्रति उपलब्ध कराई।

ड. भारत में संबद्ध देश के दूतावास से यह भी अनुरोध किया गया था कि वे अपने देश के निर्यातकों/उत्पादकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर देने की सलाह दें। उत्पादकों/निर्यातकों को भेजे गए पत्र और प्रश्नावली की प्रति भी उन्हें संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों के नामों और पतों के साथ भेजी गई थी।

च. प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देश के निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकों/निर्यातकों को प्रश्नावलियां भेजी:

i. मेसर्स एएचए इंटरनेशनल कं, लिमिटेड
ii. मेसर्स कॉग्निस लिमिटेड
iii. मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कं, लिमिटेड
iv. मेसर्स शेडोंग एनसाइन इंडस्ट्री कं, लिमिटेड
v. मेसर्स शंघाई नुविट बायो-टेक कं, लिमिटेड

छ. उत्तर में संबद्ध देश के निम्नलिखित निर्यातकों/उत्पादकों ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर, निर्यातक प्रश्नावली – भाग II तथा आर्थिक हित प्रश्नावली भी दायर की:

i. मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कं, लिमिटेड
ii. मेसर्स शेडोंग एनसाइन इंडस्ट्री कं, लिमिटेड

ज. संबद्ध देश के जिन उत्पादकों/निर्यातकों ने प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया है अथवा जांच में सहयोग नहीं किया है, उन्हें जांच में असहयोगी माना गया है।

झ. प्राधिकारी ने नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना मंगाते हुए, भारत में संबद्ध सामानों के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं को आयातक प्रश्नावली भेजी:

i. मेसर्स ऐमकेम इंग्रीडिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड
ii. मेसर्स कोका-कोला इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
iii. मेसर्स गोपाल एंटरप्राइजेज
iv. मेसर्स इशिता ड्रग्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

v. मेसर्स कियारा इंग्रीडिएंट्स आइऐनसी.
vi. मेसर्स एनडीसी ड्रग केमिकल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
vii. मेसर्स पी डी नवकर बायो-केम प्राइवेट लिमिटेड
viii. मेसर्स पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड
ix. मेसर्स प्रकाश केमिकल्स एजेंसीज प्राइवेट लिमिटेड
x. मेसर्स रतनचंद संस

ञ. उत्तर में किसी आयातक/प्रयोक्ता ने निर्धारित समय के भीतर उत्तर नहीं दिया है और कोई आयातक/प्रयोक्ता ने प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया है।

ट. उपर्युक्त विदेशी उत्पादकों/निर्यातकों के अलावा, मैसर्स वांग फार्मास्युटिकल्स एंड केमिकल्स ने 5 दिसंबर, 2024 को भारत में संबद्ध सामानों का उत्पादक होने का दावा करते हुए वर्तमान जांच का समर्थन व्यक्त किया। तथापि, उपर्युक्त उत्पादक द्वारा क्षति संबंधी कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की गई है।

ठ. प्राधिकारी ने सभी हितबद्ध पक्षकारों और संबंधित मंत्रालय/विभाग को आर्थिक हित प्रश्नावली (ईआईक्यू) जारी की। आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर घरेलू उद्योग और उत्तरदाता निर्यातकों द्वारा प्रस्तुत किया गया था। किसी भी प्रयोक्ता/आयातक ने आर्थिक हित प्रश्नावली का उत्तर दायर नहीं किया।

ड. सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची उन सभी से इस अनुरोध के साथ डीजीटीआर की वेबसाइट पर अपलोड की गई थी कि वे जांच दल के सहित अन्य सभी हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर ईमेल करें।

ढ. वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस) से पिछले तीन वर्षों और जांच की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयातों के लेन-देनवार ब्यौरे उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था जो प्राधिकारी को प्राप्त हो गए थे। सिस्टम एंड डाटा मेनेजमेंट महानिदेशालय (डीजी सिस्टम्स) से भी अनुरोध किया गया था कि वे क्षति की अवधि के लिए संबद्ध सामानों के आयातों के लेन-देनवार ब्यौरे उपलब्ध कराएं और वे भी प्राधिकारी को प्राप्त हो गए थे। इस प्रकार प्राप्त सूचना की तुलना आवेदकों द्वारा दावे किए गए अनुसार डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रकाशित सार-सूचना के साथ की गई है और कोई अंतर नोट नहीं किया गया था। अत:, प्राधिकारी ने इस अधिसूचना के प्रयोजन के लिए भारत में संबद्ध सामानों के आयातों की मात्रा और मूल्य के परिकलन के लिए डीजीसीआईएंडएस द्वारा प्रकाशित आयात सूचना पर विश्वास किया है।

ण. क्षति रहित कीमत (एनआईपी) सामान्य रूप से स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जीएएपी) और पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-III के आधार पर घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सूचना के आधार पर भारत में संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत और निर्माण तथा बिक्री लागत के आधार पर निर्धारित की गई है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्या पाटन मार्जिन से कम पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा।

त. वर्तमान जांच के लिए प्राधिकारी के लिए अपनाई गई जांच की अवधि (पीओआई) 1 अप्रैल, 2023 से 31 मार्च, 2024 (12 माह) है। क्षति जांच अवधि में 1 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च 2021, 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च 2022, 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च, 2023 और जांच की अवधि शामिल है।

थ. आवेदक, उत्तरदाता उत्पादकों और संबद्ध देश के निर्यातकों द्वारा दी गई सूचना का सत्यापन/डेस्क जांच प्राधिकारी द्वारा आवश्यक समझी गई सीमा तक किया गया था। आवश्यक संशोधन/सुधार, जहां भी लागू था, के साथ उस सत्यापन सूचना पर ही वर्तमान जांच के प्रयोजन के लिए विश्वास किया गया है।

द. नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने 8 जनवरी, 2025 को हाइब्रिड मोड में आयोजित मौखिक सुनवाई में उनके विचार मौखिक रूप से प्रस्तुत करने के लिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को अवसर भी प्रदान किया। जिन पक्षकारों ने मौखिक सुनवाई में भाग लिया, उन्हें 13 जनवरी, 2025 तक लिखित अनुरोध और उसके बाद यदि कोई प्रत्युत्तर है तो 16 जनवरी, 2025 तक लिखित अनुरोध दायर करने का अवसर प्रदान किया गया था। हितबद्ध पक्षकारों को यह भी निर्देश दिया गया था कि उनके द्वारा प्रस्तुत लिखित अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर वे अन्य हितबद्ध पक्षकारों के साथ साझा करें और हितबद्ध पक्षकारों की सूची प्राधिकारी द्वारा सभी पक्षकारों को भेजी गई है।

ध. इस जांच प्रक्रिया के दौरान अब तक वर्तमान जांच में साक्ष्य के साथ तथा संगत मानी गई सीमा तक सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोधों पर उपयुक्त रूप से विचार किया गया है और इस अधिसूचना में प्राधिकारी द्वारा उन्हें हल किया गया है।

न. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई सूचना की जांच गोपनीयता के दावों की पर्याप्तता के संबंध में की गई है। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने जहां भी आवश्यक था, गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और वह सूचना गोपनीय मानी गई है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां भी संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर दें।

प. जहां कहीं किसी हितबद्ध पक्षकार ने इससे इंकार किया है, अथवा अन्यथा वर्तमान जांच प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना नहीं दी है अथवा जांच में काफी बाधा डाली है वहां प्राधिकारी ने उन पक्षकारों को असहयोगी माना है और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर विचार/टिप्पणियां रिकॉर्ड की हैं।

फ. प्राधिकारी ने वर्तमान अंतिम जांच परिणामों में सभी हितबद्ध पक्षों द्वारा उठाए गए सभी तर्कों और उपलब्ध कराई गई सूचना पर इस सीमा तक विचार किया है कि वे साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं और वर्तमान जांच के लिए प्रासंगिक माने जाते हैं।

ब. नियम 16 के अनुसार, जांच के आवश्यक तथ्य ज्ञात इच्छुक पक्षों को 27 जनवरी, 2025 के प्रकटीकरण कथन के माध्यम से बताए गए थे और इच्छुक पक्षों को मूल रूप से उस पर टिप्पणी करने के लिए 3 फरवरी, 2025 तक का समय दिया गया था। कुछ इच्छुक पक्षों ने समय के और विस्तार की मांग की और ऐसे अनुरोधों पर विचार करने पर, प्रकटीकरण कथन पर टिप्पणी करने की समय सीमा 6 फरवरी, 2025 दोपहर 2 बजे तक बढ़ा दी गई। इच्छुक पक्षों से प्रकटीकरण कथन पर प्राप्त टिप्पणियों पर, इस अंतिम निष्कर्ष अधिसूचना में, प्रासंगिक और गैर-दोहरावदार पाए जाने की सीमा तक विचार किया गया है।

भ. इस अंतिम निष्कर्ष में '***' गोपनीय आधार पर एक इच्छुक पार्टी द्वारा प्रस्तुत की गई जानकारी का प्रतिनिधित्व करता है और नियमों के तहत प्राधिकारी द्वारा इस प्रकार विचार किया जाता है।

म. संबद्ध जांच के लिए प्राधिकारी द्वारा अपनाई गई विनिमय दर 1 यू.एस. डॉलर = 83.69 रुपए है।

ग. विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु

ग.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

6. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. जांच में शामिल उत्पाद उत्तरदाता द्वारा उत्पादित और बेचा गया सोडियम साइट्रेट है। विनिर्देशन श्रेणी में 20-100 मेश और 12-40 मेश शामिल हैं; पैकेज किस्म में 25 किग्रा/बैग, 500 किग्रा/बैग और 1,000 किग्रा/बैग शामिल हैं। उत्पाद का उपयोग खाद्य योज्य, डिटर्जेंट और औद्योगिक उपयोग के रूप में किया जा सकता है।

ii. भारत को निर्यातित विचाराधीन उत्पाद और घरेलू बाजार में बेचे गए या अन्य देशों को निर्यात किए गए विचाराधीन उत्पाद के बीच भौतिक/तकनीकी/रासायनिक विशेषताओं में कोई अंतर नहीं है।

iii. उत्तरदाता द्वारा उत्पादित उत्पाद और प्राधिकारी द्वारा परिभाषित उत्पाद के बीच कोई अंतर नहीं है।

ग.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

7. घरेलू उद्योग ने विचाराधीन उत्पाद (पीयूसी) और समान वस्तु के संबंध में निम्नानुसार अनुरोध किए है:

i. दूसरी निर्णायक समीक्षा (एसएसआर) आवेदन पत्र में विचाराधीन उत्पाद "सोडियम साइट्रेट" है।

ii. सोडियम साइट्रेट एक रासायनिक यौगिक है जो मोनो-सोडियम साइट्रेट, डिसोडियम साइट्रेट और ट्राई-सोडियम साइट्रेट के रूप में आता है। सोडियम साइट्रेट साइट्रिक एसिड का सोडियम नमक है। साइट्रिक एसिड की तरह इसका स्वाद खट्टा होता है। अन्य लवणों की तरह इसका स्वाद भी नमकीन होता है।

iii. सोडियम साइट्रेट का उपयोग मुख्य रूप से एक एक्सपैक्टोरेंट और यूरिन अल्कनाइजर के रूप में किया जाता है। इसका उपयोग दवा सहायता के रूप में और डेयरी उद्योगों में खाद्य योज्य के रूप में भी किया जाता है जो पनीर निर्माण और पेय पदार्थों की पूर्ति करते हैं। यह एक जल उपचार रसायन और एक प्रयोगशाला अभिकर्मक भी है।

iv. सोडियम साइट्रेट का लेनदेन निम्नलिखित नामों से किया गया है और ऐसे सभी नामों को कृपया पीयूसी की परिभाषा के भाग के रूप में माना जाना चाहिए जैसा कि पिछली जांचों में किया गया है:

क) सोडियम साइट्रेट
ख) ट्राई सोडियम साइट्रेट
ग) ट्राई सोडियम साइट्रेट डाइहाइड्रेट
घ) सोडियम साइट्रेट डाइहाइड्रेट
ड.) ट्राइबेसिक सोडियम साइट्रेट
च) सोडियम साइट्रेट ट्राइबेसिक डाइहाइड्रेट
छ) सोडियम साइट्रेट डिबेसिक सेस्क्विहाइड्रेट
ज) सोडियम साइट्रेट मोनोबेसिक बायोक्स्ट्रा

v. विचाराधीन उत्पाद को अनुप्रयोगों के आधार पर अलग-अलग तरीके से वर्णित किया जा सकता है। अनुप्रयोगों के आधार पर, यह औद्योगिक, खाद्य सामग्री, फार्मा ग्रेड (आईपी/बीपी/यूएसपी), अभिकर्मक, मछली ग्रेड हो सकता है। वर्तमान याचिका में सोडियम साइट्रेट के सभी रूप, सभी प्रकार और सभी संभावित विवरण शामिल हैं। इसके अलावा, इसमें सोडियम साइट्रेट के सभी वैकल्पिक नाम शामिल हैं।

vi. विचाराधीन उत्पाद को सीमा शुल्क उप-शीर्ष 29181520 के तहत सीमा प्रशुल्क अधिनियम, 1975 के अध्याय 29 के तहत आयात किया जाता है। सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक है और विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है क्योंकि अन्य शीर्षों में उत्पाद के आयात को भी पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है।

vii. चीन जन.गण. से निर्यातित विचाराधीन उत्पाद और भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित उत्पाद में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। वर्तमान मामले में, दोनों उत्पाद तकनीकी विशेषताओं, समान अंतिम उपयोग, तकनीकी और वाणिज्यिक प्रतिस्थापन और टैरिफ वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं।

viii. चूंकि वर्तमान आवेदन पत्र चीन जन.गण. से सोडियम साइट्रेट के आयात पर मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की दूसरी निर्णायक समीक्षा के लिए है, इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि प्राधिकारी विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के क्षेत्र पर विचार करें जैसा कि मूल जांच के बाद पूर्व में की गई पहली निर्णायक समीक्षा में पाया गया है।

ग.3. <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

8. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद चीन जन.गण. के मूल का अथवा वहां से निर्यातित "सोडियम साइट्रेट" है।

9. वर्तमान जांच एक दूसरी निर्णायक समीक्षा जांच होने के नाते, विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र वही रहता है जो पहली निर्णायक समीक्षा में है। पहली निर्णायक समीक्षा में विचाराधीन उत्पाद को निम्नानुसार परिभाषित किया गया था:

10. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद सोडियम साइट्रेट है। संबद्ध सामानों का उपयोग मुख्य रूप से एक एक्सपैक्टोरेंट और यूरिन एल्कोनाइजर के रूप में किया जाता है। सोडियम साइट्रेट एक रासायनिक यौगिक है जो मोनो-सोडियम साइट्रेट, डिसोडियम साइट्रेट और ट्राई-सोडियम साइट्रेट के रूप में आता है।

11. संबद्ध सामान सीमा शुल्क उप-शीर्ष 29181520 के अंतर्गत आते हैं। हालाँकि, उक्त सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल सांकेतिक हैं, और जाँच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं हैं। शुल्क लगाने और संग्रह के लिए वस्तुओं का विवरण मान्य होगा।

12. यह एक निर्णायक समीक्षा जांच है, इसलिए विचाराधीन उत्पाद का क्षेत्र मूल और बाद की समीक्षा जांच में समान ही है। मूल जांच में उल्लिखित विचाराधीन निम्नलिखित था:
"वर्तमान जांच के उद्देश्य के लिए विचाराधीन उत्पाद "सोडियम साइट्रेट" है। यह एक रासायनिक यौगिक है जो मोनोसोडियम साइट्रेट, डिसोडियम साइट्रेट और ट्राई-सोडियम साइट्रेट के रूप में आता है। यह साइट्रिक एसिड का सोडियम साल्ट है और इसका स्वाद खट्टा और नमकीन होता है। सोडियम साइट्रेट का उपयोग मुख्य रूप से फार्मा उद्योगों में एक एक्सपेक्टोरेंट और यूरिन अल्केनाइज़र के रूप में किया जाता है। इसका उपयोग दवा सहायता, डेयरी उद्योगों में खाद्य योज्य, जल उपचार में प्रयोगशाला अभिकर्मक, पेय पदार्थों में अम्लता नियामक, पनीर बनाते समय तेलों के लिए एक पायसीकारक और भोजन में एक एंटीऑक्सीडेंट आदि के रूप में भी किया जाता है।

विचाराधीन उत्पाद का लेन-देन निम्नलिखित वैकल्पिक नामों से भी किया जा सकता है: - क. सोडियम साइट्रेट ख. ट्राई सोडियम साइट्रेट ग. ट्राई सोडियम साइट्रेट डाइहाइड्रेट घ. सोडियम साइट्रेट डाइहाइड्रेट ड. ट्राइबेसिक सोडियम साइट्रेट च. सोडियम साइट्रेट ट्राइबेसिक डाइहाइड्रेट छ. सोडियम साइट्रेट डाइबेसिक सेस्क्विहाइड्रेट ज. सोडियम साइट्रेट मोनोबेसिक बायोएक्सट्रा.

सोडियम साइट्रेट को सीमा शुल्क उपशीर्षक 29181520 के तहत सीमा प्रशुल्क के अध्याय 29 के तहत वर्गीकृत है। तथापि, सीमा शुल्क वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और किसी भी तरह वर्तमान जांच के क्षेत्र पर बाध्यकारी नहीं है।"

13. "समान वस्तु" की परिभाषा से संबंधित नियम 2(घ) निर्दिष्ट करता है कि "समान वस्तु" का अर्थ ऐसी वस्तु है जो जांच के तहत वस्तु के सभी मामलों में समान या समान है, या ऐसी वस्तु की अनुपस्थिति में, जांच के तहत वस्तु के समान विशेषताओं वाली कोई अन्य वस्तु है।

14. "समान वस्तु" शब्द की उपरोक्त परिभाषा से यह नोट किया जाता है कि समान वस्तु को जांच के तहत वस्तु के सभी मामलों में समान या समान होना चाहिए। समान वस्तु शब्द के क्षेत्र में वे वस्तुएं भी शामिल होंगी, जिनकी विशेषताएं जांच के अधीन वस्तुओं से काफी मिलती-जुलती हैं, बशर्ते कि सभी मामलों में समान या एक जैसी वस्तुएं न हों।

15. रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर, प्राधिकारी मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामानों और संबद्ध देश से आयातित सामानों में कोई ज्ञात अंतर नहीं है। दोनों भौतिक विशेषताओं, विनिर्माण प्रक्रिया, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। उपभोक्ता दोनों का परस्पर परिवर्तनीय रूप से प्रयोग करते हैं। प्राधिकारी मानते हैं कि आवेदक द्वारा विनिर्मित उत्पाद संबद्ध देश से भारत में आयातित किए जा रहे संबद्ध सामानों की समान वस्तु है।

10. समान वस्तु के संबंध में पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) में निम्नानुसार प्रवधान है:

"समान वस्तु" से ऐसी वस्तु अभिप्रेत है जो भारत में पाटन के कारण जांच के अंतर्गत वस्तु के सभी प्रकार से समरुप या समान है अथवा ऐसी वस्तु के न होने पर अन्य वस्तु जोकि यद्यपि सभी प्रकार से समनुरुप नहीं है परंतु जांचाधीन वस्तुओं के अत्यधिक सदृश विशेषताएं रखती हैं;

11. "समान वस्तु" शब्द की उपरोक्त परिभाषा से यह नोट किया जाता है कि समान वस्तु को जांच के अधीन वस्तु के सभी पहलुओं में समान या एक जैसी होना चाहिए। समान वस्तु शब्द के क्षेत्र में वे वस्तुएं भी शामिल होंगी जिनकी विशेषताएं जांच के अधीन वस्तु से बहुत मिलती-जुलती हों, बशर्ते कि सभी पहलुओं में समान या एक जैसी वस्तुएं न हों।

12. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु और विचाराधीन उत्पाद के बीच समानता के बारे में कोई विवाद नहीं है। प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, कार्यों और उपयोगों, उत्पाद विनिर्देशों, कीमत, वितरण एवं विपणन तथा सामानों के प्रशुल्क वर्गीकरण के संदर्भ में तुलनीय हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और संबद्ध देश से आयातित सामान नियमावली के अनुसार समान वस्तु हैं। दोनों तकनीकी और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थापनीय हैं। इस प्रकार, प्राधिकारी मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध सामान पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के क्षेत्र और अभिप्राय से संबद्ध देश से आयातित विचाराधीन उत्पाद की समान वस्तु हैं।

घ. <u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ.1. <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों के अनुरोध</u>

13. घरेलू उद्योग के पहलू और आधार के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दायर अनुरोध निम्नलिखित हैं;

   i. अन्य उत्पादकों की गैर-भागीदारी की जांच प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए।

   ii. भारत में पीयूसी के करीब एक दर्जन उत्पादक हैं और पीयूसी पर मूल जांच शुरू होने के बाद से समर्थकों की संख्या लगातार कम हो रही है (याचिका के अनुसार, प्रथम एसएसआर में चार से वर्तमान एसएसआर में मात्र दो रह गई है)।

   iii. अन्य उत्पादकों द्वारा गैर-भागीदारी अन्य गैर-भागीदारी उत्पादकों की लाभप्रदता और प्रदर्शन पर गंभीर संदेह पैदा करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि अन्य सभी उत्पादक बेहतर मीट्रिक दिखा रहे हैं और क्षति के कोई संकेत नहीं हैं और परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग की एक विषम छवि पेश करने के लिए याचिकाकर्ता द्वारा जानबूझकर उन्हें अलग रखा गया है।

घ.2. <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

14. घरेलू उद्योग के क्षेत्र और आधार के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

   i. मेसर्स डेफोडिल फार्मकेम प्राइवेट लिमिटेड आवेदक है और भारत में सोडियम साइट्रेट का सबसे बड़ा उत्पादक है और उसका कुल भारतीय उत्पादन में 45-50% तक का प्रमुख अनुपात है। आवेदक मूल जांच में तथा पहली निर्णायक समीक्षा में भी घरेलू उद्योग था तथा आवेदक संबद्ध सामानों के किसी आयातक/निर्यातक से संबद्ध नहीं है, न ही उसने स्वयं संबद्ध सामानों का आयात किया है। इस प्रकार, आवेदक इस मामले में सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए घरेलू उद्योग है।

   ii. आवेदक के अलावा दो उत्पादकों अर्थात् मेसर्स इंडिया फॉस्फेट, मेसर्स सुनील केमिकल्स ने आवेदन का समर्थन किया है। एक अन्य उत्पादक अर्थात् मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड केमिकल्स ने जांच की शुरुआत के बाद आवेदन का समर्थन किया है। प्राधिकारी को मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड केमिकल्स को भी इस मामले में समर्थक के रूप में मानना चाहिए। आवेदक के पास मेसर्स इंडिया फॉस्फेट, मेसर्स सुनील केमिकल्स के साथ भारतीय उत्पादन में 60-65% हिस्सा है और मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड केमिकल्स के साथ यह हिस्सा 65-70% है।

   iii. मूल जांच के समय भारत में 6 उत्पादक थे, जो पहली निर्णायक समीक्षा और वर्तमान समीक्षा के दौरान 11 हो गए हैं। जबकि पहली निर्णायक समीक्षा में याचिकाकर्ता के पास कुल भारतीय उत्पादन में 32% हिस्सा और समर्थकों के साथ 61% हिस्सा था, वर्तमान आवेदन में आवेदक के पास अकेले कुल भारतीय उत्पादन में 45-50% हिस्सा है और समर्थकों के साथ आवेदक का हिस्सा 65-70% (मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड

केमिकल्स के बिना 60-65%) की सीमा में है। इस प्रकार, आवेदन अब भारतीय उत्पादन की उच्च मात्रा का प्रतिनिधित्व करता है और समर्थन सीमा के संदर्भ में निर्यातकों द्वारा आरोपित नहीं किया गया है जो आवेदन की प्रतिनिधि प्रकृति को देखते हुए अकेले प्रासंगिक है।

iv. वर्तमान में भारत में 11 उत्पादक हैं और इन उत्पादकों में से आवेदक सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसकी कुल भारतीय उत्पादन में 45-50% हिस्सेदारी है। उत्पादक एक एमएसएमई इकाई है। पिछली जांच और वर्तमान आवेदन में आवेदक और समर्थकों का विवरण नीचे दिया गया है:

तालिका - 1

क्र. सं.	उत्पादक का नाम	स्थिति
	मूल जांच	
1	मेसर्स पॉसी फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड (वर्तमान में मेसर्स डेफोडिल फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड)	आवेदक
2	मेसर्स सुनील केमिकल्स	समर्थक
3	मेसर्स अमिजल केमिकल्स (सूचना के अनुसार सृजित क्षमता)	तटस्थ
4	मेसर्स सुजाता केमिकल्स (सूचना के अनुसार सृजित क्षमता)	तटस्थ
5	मेसर्स वासा फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड (सूचना के अनुसार सृजित क्षमता)	तटस्थ
6	मेसर्स अडानी फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड (सूचना के अनुसार सृजित क्षमता)	तटस्थ
	पहली निर्णायक समीक्षा जांच	
1	मेसर्स पॉसी फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड (वर्तमान में मेसर्स डेफोडिल फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड) (भारतीय उत्पादन में 32% हिस्सेदारी)	आवेदक
2	मेसर्स अडानी फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड	समर्थक
3	मेसर्स अल्पाइन लैब्स	समर्थक
4	मेसर्स इंडिया फॉस्फेट	समर्थक
5	सर्स सुनील केमिकल्स	समर्थक
6	मेसर्स अमीजल केमिकल्स	तटस्थ
7	मेसर्स सुजाता केमिकल्स	तटस्थ
8	मेसर्स वासा फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड	तटस्थ
9	मेसर्स देवेंद्र कीर्ति फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड	तटस्थ
10	मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड केमिकल्स	तटस्थ
11	मेसर्स इशिता ड्रग्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	तटस्थ
	दूसरी निर्णायक समीक्षा आवेदन पत्र (वर्तमान जांच)	
1	मेसर्स डेफोडिल फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड - (पूर्व में मेसर्स पॉसी फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड) (भारतीय उत्पादन में 45-50% हिस्सा)	आवेदक
2	मेसर्स इंडिया फॉस्फेट	समर्थक
3	मेसर्स सुनील केमिकल्स	समर्थक
4	मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड केमिकल्स (जांच शुरू होने के बाद जांच का समर्थन किया)	समर्थक
5	मेसर्स अडानी फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड	तटस्थ
6	मेसर्स अल्पाइन लैब्स	तटस्थ
7	मेसर्स अमीजल केमिकल्स	तटस्थ
8	मेसर्स सुजाता केमिकल्स	तटस्थ
9	मेसर्स वासा फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड	तटस्थ
10	मेसर्स देवेंद्र कीर्ति फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड	तटस्थ
11	मेसर्स इशिता ड्रग्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड	तटस्थ

v. व्यावहारिक रूप से, सबसे बड़ा उत्पादक आवेदक है तथा तीन अन्य सबसे बड़े उत्पादक आवेदन का समर्थन कर रहे हैं। जिन पक्षों ने समर्थन व्यक्त नहीं किया है, वे या तो बहुत छोटे उत्पादक हैं या संबद्ध सामान उनके कुल उत्पादन का केवल एक छोटा हिस्सा हैं। इस प्रकार, भारत में सोडियम साइट्रेट के घरेलू उद्योग का इस मामले में अच्छा प्रतिनिधित्व है।

vi. समर्थक उत्पादकों से भी क्षति की जानकारी प्राप्त करने के प्रयास किए गए। तथापि, कठिनाई यह रही है कि समर्थक, जो छोटी इकाइयाँ हैं तथा अन्य रसायनों का उत्पादन भी करती हैं, संबद्ध सामानों के लिए पाटनरोधी आवेदन प्रारूपों द्वारा अपेक्षित क्षति डेटा तैयार नहीं कर सकीं। इकाइयों के पास वांछित व्यापक तथा तकनीकी डेटा को बनाए रखने तथा प्रस्तुत करने के लिए समर्थन प्रणाली नहीं है तथा इकाइयों की ऐसी चुनौतियों को याचिका में कम भागीदारी के रूप में नहीं समझा जाना चाहिए।

vii. आवेदक तथा अन्य उत्पादकों के सामने आई पाटित आयातों से चुनौतियाँ समान हैं तथा आवेदक का निष्पादन ऐसे अन्य उत्पादकों की वास्तविक स्थिति का भी प्रतिनिधित्व करता है।

घ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

15. पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) में "घरेलू उद्योग" निम्नलिखित रूप में परिभाषित हैः

"(ख) "घरेलू उद्योग" का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में "घरेलू उद्योग" का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है।"

16. चीन जन.गण. से संबद्ध सामानों पर विद्यमान पाटनरोधी शुल्कों को जारी रखने तथा दूसरी निर्णायक समीक्षा की जांच की शुरुआत के लिए आवेदन पत्र मेसर्स डेफोडिल फार्माकेम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर किया गया है। यह नोट किया जाता है कि आवेदक ने जांच अवधि/क्षति अवधि के दौरान संबद्ध देश से संबद्ध सामनों का आयात नहीं किया तथा वह संबद्ध देश से संबद्ध उत्पाद के किसी निर्यातक/आयातक से भी संबद्ध भी नहीं है।

17. इसके अतिरिक्त, आवेदन में दी गई जानकारी से पता चलता है कि आवेदक के अलावा भारत में संबद्ध सामानों के 10 अन्य उत्पादक हैं तथा आवेदक के पास कुल भारतीय उत्पादन में ***% (रेंज: 45-50%) हिस्सा है। ऐसे 10 अन्य उत्पादकों में से दो उत्पादकों अर्थात् मेसर्स इंडिया फॉस्फेट तथा मेसर्स सुनील केमिकल्स ने जांच आरंभ होने से पूर्व आवेदन का समर्थन किया है तथा एक अन्य उत्पादक अर्थात् मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड केमिकल्स ने अपने पत्र दिनांक 05.12.2024 के माध्यम से जांच का समर्थन किया है। आवेदक के पास मेसर्स इंडिया फॉस्फेट और मेसर्स सुनील केमिकल्स के साथ कुल भारतीय उत्पादन में ***% (रेंज: 60-65%) का हिस्सा है, जो मेसर्स वांग फार्मास्यूटिकल्स एंड केमिकल्स के समर्थन के साथ ***% (रेंज: 65-70%) है।

18. आवेदक और उपरोक्त समर्थकों के अलावा, आवेदक ने मेसर्स अदानी फार्माकेम प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स अल्पाइन लैब्स, मेसर्स अमीजल केमिकल्स, मेसर्स सुजाता केमिकल्स मेसर्स वासा फार्माकेम प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स देवेंद्र कीर्ति फार्माकेम प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स इशिता ड्रग्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसी कंपनियों को भारत में संबद्ध सामानों के उत्पादकों के रूप में पहचाना है, लेकिन ऐसे उत्पादकों ने न तो वर्तमान जांच का समर्थन किया है और न ही विरोध किया है।

19. अतः, रिकॉर्ड में उपलब्ध सूचना पर विचार करते हुए, प्राधिकारी पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) के अभिप्राय से आवेदक/याचिकाकर्ता को पात्र घरेलू उद्योग मानते हैं।

20. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि अन्य उत्पादकों की गैर-भागीदारी की जांच प्राधिकारी द्वारा की जानी चाहिए तथा समर्थकों की संख्या में लगातार कमी आ रही है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि ऐसे सभी ज्ञात अन्य उत्पादकों को वर्तमान जांच की शुरूआत के बारे में सूचित किया गया था, लेकिन ऐसे अन्य पक्षकारों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह भी नोट किया जाता है कि नियम 2(ख) के तहत पात्रता शर्तों की जांच चल रही जांच के संदर्भ में की जानी चाहिए, और संतुष्ट किया जाना चाहिए न कि विरोधी पक्षकारों द्वारा अतीत में संपन्न किसी अन्य जांच के समर्थन या विरोध की तुलना में की जानी चाहिए। जहां तक वर्तमान जांच के तथ्यों का संबंध है, आवेदन पत्र नियम 2(ख) के मानदंडों को पूरा करता है। आवेदक का अकेले कुल भारतीय उत्पादन में ***% (रेंज: 45-50%) हिस्सा है और समर्थकों के साथ यह हिस्सा ***% (रेंज: 65-70%) है।

21. इस तर्क के संबंध में कि अन्य उत्पादकों द्वारा भाग न लेने से अन्य गैर-भागीदारी उत्पादकों की लाभप्रदता और निष्पादन पर गंभीर संदेह उत्पन्न होता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि निर्यातकों ने ऐसे तर्क उठाए हैं, लेकिन ऐसे तर्कों का समर्थन करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है। वर्तमान जांच में विचार की गई क्षति संबंधी सूचना पाटनरोधी नियमावली के तहत अपेक्षित "घरेलू उद्योग" से संबंधित है और अन्य इच्छुक पक्षकारों द्वारा उठाए गए संदेहों पर विचार नहीं किया जा सकता क्योंकि वे किसी भी विपरीत तथ्य द्वारा समर्थित नहीं हैं।

ड. गोपनीयता संबंधी मुद्दे

ड.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

22. गोपनीयता के मुद्दे के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. दिनांक 7 सितंबर, 2018 की व्यापार सूचना संख्या 10/2018 के अनुलग्नक I में समर्थकों के लिए प्रकटीकरण का एक विशिष्ट मानक का प्रावधान है। हालाँकि, याचिकाकर्ता व्यापार सूचना की आवश्यकताओं का पालन करने में विफल रहा है।

ii. याचिका के अनुलग्नक 2.3 में, दायर समर्थन पत्रों में क्षमता, उत्पादन और बिक्री के लिए सूचीबद्ध संख्याएँ शामिल नहीं हैं। यह प्राधिकारी की व्यापार सूचना का स्पष्ट उल्लंघन है। घरेलू उद्योग ने भी इस तरह की अत्यधिक गोपनीयता के लिए कोई उचित कारण नहीं दर्शाया है।

ड.2. घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

23. गोपनीयता के मुद्दों के संबंध में घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. उत्तरदता निर्यातकों ने निर्यातक प्रश्नावली के उत्तर में और भाग II के उत्तर में अत्यधिक गोपनीयता अपनाई है और सीमित स्थानों पर सूचीकरण भी दिया है, जिससे निर्यातकों के दावों को किसी भी निष्पक्ष तरीके से समझना मुश्किल हो गया है।

ii. ऐसी जानकारी के बारे में कोई सूचीकरण या सीमा प्रदान नहीं की जाती है जो संभावना पहलुओं के मूल्यांकन में प्रासंगिक है और गोपनीयता के ऐसे अत्यधिक उपयोग की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

iii. यहां तक कि बुनियादी जानकारी जैसे कि विश्वव्यापी कारपोरेट संरचना चार्ट, संबंधित कंपनियों की सूची, भारत को निर्यात प्रवाह चार्ट और घरेलू प्रवाह चार्ट को बिना किसी ठोस कारण के गोपनीय रखा जाता है।

iv. प्राधिकारी यह जांच करें है कि क्या उत्तरदाता निर्यातकों के मामले में निर्यात श्रृंखला पूरी हो गई है क्योंकि इस संबंध में बुनियादी जानकारी प्रतिक्रियाओं के एनसीवी संस्करण में प्रकट नहीं की गई है।

ड.3 प्राधिकारी द्वारा जांच

24. सूचना की गोपनीयता के संबंध में नियमावली के नियम 7 में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

"गोपनीय सूचना: (1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय

में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।"

25. नियम 6(7) की अपेक्षानुसार प्राधिकारी ने एक हितबद्ध पक्षकार द्वारा उन्हें प्रस्तुत साक्ष्य जांच में प्रतिभागी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को उपलब्ध कराया। यह सूचना जांच में प्रतिभागी अन्य हितबद्ध पक्षकारों में उस साक्ष्य का आदान प्रदान करने के निर्देशों के साथ प्रतिभागी हितबद्ध पक्षकारों में परिचालित की गई थी।

26. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा दी गई सूचना की जांच उन दावों की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी, संतुष्ट होने पर प्राधिकारी ने जहां आवश्यक था गोपनीयता के दावों को स्वीकार किया है और वह सूचना गोपनीय मानी गई है तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट नहीं की गई है। जहां कहीं संभव हुआ, गोपनीय आधार पर सूचना देने वाले पक्षकारों को निर्देश दिया गया था कि वे गोपनीय आधार पर दायर सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर दें। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपनी व्यापार संबंधी संवेदी सूचना को गोपनीय होने का दावा किया है।

27. इस तर्क के संबंध में कि आवेदक ने सूचीबद्ध रूप में समर्थक उत्पादकों से संबंधित सूचना नहीं दी है, यह नोट किया जाता है कि आवेदन पत्र के अगोपनीय रूपांतर में समर्थकों सहित संबद्ध सामानों के कुल भारतीय उत्पादन में आवेदक का हिस्सा निहित है।

च. <u>बाजार अर्थव्यवस्था व्यवहार (एमईटी)</u> <u>सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मर्जिन का निर्धारण</u>

च.1 <u>अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध</u>

28. सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण के संबंध में अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. याचिकाकर्ता ने निर्मित सामान्य मूल्य (सीएनवी) की गणना के लिए दो तरीके सुझाए हैं, जिनमें से एक याचिकाकर्ता की उत्पादन लागत (सीओपी) का उपयोग करना है या तीसरे देश, इस मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका को निर्यात कीमतों का उपयोग करना है। सभी जांचों में प्राधिकारी की सुसंगत प्रथा के अनुसार और विचाराधीन उत्पाद की पिछली दो जांचों में भी, प्राधिकारी को याचिकाकर्ता के सीओपी डेटा का उपयोग करके सीएनवी निर्धारित करना चाहिए।

ii. प्राधिकारी सीएनवी गणना में याचिकाकर्ता द्वारा विचार किए गए कच्चे माल की कीमतों को सत्यापित करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि डेटा में कोई त्रुटि नहीं है।

iii. चूंकि इस जांच में उत्तरदता निर्यातकों ने समय-सीमा के भीतर प्रश्नावली का उत्तर दाखिल किया है, इसलिए निवल निर्यात कीमत (एनईपी) के निर्धारण के लिए उस पर विचार किया जाए।

च.2 <u>घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध</u>

29. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. वर्तमान याचिका के प्रयोजन के लिए चीन जन.गण. को एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था (एनएमई) देश माना जाना चाहिए तथा चीनी उत्पादकों के मामले में सामान्य मूल्य अनुबंध । के पैरा 7 के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किया जाना चाहिए।

ii. प्राधिकारी संयुक्त राज्य अमेरिका में संबद्ध सामानों की कीमत चीन जन. गण. के संबंध में संबद्ध सामानों के लिए सामान्य मूल्य के रूप में संयुक्त राज्य अमेरिका में पहुंच स्तरों पर भारत से संयुक्त राज्य अमेरिका को संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत के आधार पर मानें।

iii. संयुक्त राज्य अमेरिका में कीमत के आधार पर दावा किए गए सामान्य मूल्य के विकल्प के रूप में, आवेदक भारत में वास्तव में भुगतान की गई या देय कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का प्रस्ताव करता है, जिसे उचित लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए विधिवत समायोजित किया गया है।

iv. संबद्ध वस्तुओं के आयात की मात्रा और मूल्य डीजीसीआईएंडएस से प्राप्त सूचना के अनुसार निर्धारित किया जाए, जो याचिका में निर्यात कीमत का आधार भी बनता है।

v. याचिका में दी गई सूचना से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि संबद्ध सामानों का पाटन जारी रहा और यह पाटन दावा किए गए अनुसार जांच की अवधि में काफी सकारात्मक रहा है। पाटनरोधी शुल्क जारी रहने की स्थिति में जांच अवधि के दौरान यह पाटन इस तथ्य को दर्शाता है कि ऐसे पाटन केवल तभी जारी रहेंगे जब पाटनरोधी शुल्क को इस मोड़ पर समाप्त होने दिया जाएगा।

vi. जांच अवधि के दौरान पाटन मार्जिन वर्तमान शुल्कों की समाप्ति की स्थिति में भी संभावित पाटन को सिद्ध करता है।

vii. सुनवाई के दौरान विरोधी पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि आवेदन के एनसीवी के अनुसार कास्टिक सोडा की दर ₹73.43/- प्रति किलोग्राम मानी गई है जो गलत प्रतीत होती है। इस संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि सीएनवी के कार्यकरण के लिए वास्तव में विचार की गई दर केवल ₹43.22/- प्रति किलोग्राम है जिसका खुलासा एनसीवी आवेदन के साथ कार्यकारी दस्तावेजों में किया गया था।

viii. इस मामले में दो निर्यातकों ने जवाब दाखिल किए हैं। तथापि, पक्षकारों ने लागू उत्तर प्रस्तुत करके चीन जन.गण. के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के स्तर की अवधारणा का खंडन नहीं किया है।

ix. उत्तरदाता उत्पादकों/निर्यातकों में से एक मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कंपनी लिमिटेड पर पहले से ही अलग शुल्क लागू है और इस मामले में पाटन और क्षति की संभावना को देखते हुए किसी कीमत की पेशकश के बजाए उपर्युक्त् उत्पादक पर ऐसे शुल्क जारी रखने की आवश्यकता है। वास्तव में, मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कंपनी लिमिटेड यूरोपीय संघ पर संबद्ध सामानों के निर्यात में 32.6% का पाटनरोधी शुल्क लगता है, जो दर्शाता है कि उक्त उत्पादक न केवल भारत में पाटन कर रहा है, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी पाटन में लगा हुआ है और ऐसे निर्यातकों पर पाटनरोधी शुल्क की कोई समाप्ति या कमी ऐसे निर्यातक से केवल पाटित किए गए निर्यात में वृद्धि करेगी।

x. साथ ही, उत्तरदाता निर्यातकों को निम्नलिखित जानकारी विशेष रूप से प्रदान करने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए यदि पहले से प्रदान नहीं की गई है ताकि प्राधिकारी संभावना जांच कर सकें:

क) जांच की अवधि के दौरान और जांच की अवधि के बाद (अधिमानतः अप्रैल-सितंबर 2024) संबद्ध सामानों के उत्पादन की क्षमता।

ख) जांच की अवधि और जांच की अवधि के बाद (अधिमानतः अप्रैल-सितंबर 2024) के दौरान संबद्ध सामानों का क्षमता उपयोग।

ग) जांच की अवधि और जांच की अवधि के बाद (अधिमानतः अप्रैल-सितंबर 2024) के दौरान संबद्ध सामानों का मालसूची स्तर।

घ) जांच की अवधि और जांच की अवधि के बाद (अधिमानतः अप्रैल-सितंबर 2024) के दौरान संबद्ध सामानों के लिए लेनदेन से लेनदेन (टी/टी) के आधार पर तीसरे देशों को निर्यात कीमत।

ङ) जांच की अवधि के बाद (अधिमानतः अप्रैल-सितंबर 2024) के दौरान संबद्ध सामानों के लिए लेनदेन से लेनदेन के आधार पर भारत को निर्यात कीमत ।

xi. चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य के आधार के संबंध में, आवेदक ने बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में सामान्य मूल्य के रूप में यूएसए में पहुंच स्तरों पर भारत से यूएसए को संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य का दावा किया है। वैकल्पिक रूप से, प्रमुख कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमत (डीजीसीआईएंडएस आयात मूल्य के अनुसार साइट्रिक एसिड और कास्टिक सोडा की कीमत) पर विचार करके निर्मित आधार पर सामान्य मूल्य भी प्रस्तुत किया गया है। प्राधिकारी सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए ऐसे दावों पर विचार कर सकते हैं और किसी भी विरोधी पक्षकार द्वारा यह नहीं दर्शाया गया है कि भारत से अमेरिका को निर्यात कीमत पर आधारित सामान्य मूल्य इस मामले में उपयुक्त आधार नहीं है।

xii. यह एक निर्धारित परिपाटी है कि पाटन और क्षति की संभावना को संबद्ध देश के संदर्भ में देखा जाना चाहिए, न कि केवल उत्तरदाता निर्यातकों के संदर्भ में। इस प्रकार, भले ही उत्तरदाता निर्यातक अपने निर्यात के संबंध में पाटन और क्षति की संभावना का अभाव दर्शाते हों, फिर भी अकेले संभावना का देशव्यापी निर्धारण प्रासंगिक है। किसी भी मामले में, उत्तरदाता निर्यातकों ने पाटन और क्षति की संभावना का अभाव नहीं दर्शाया है और चीन जन.गण. से भारत को संबद्ध सामानों के निर्यात के संबंध में संभावना का निर्धारण करने के लिए आवश्यक संगत सूचना के संदर्भ में प्रतिक्रिया अपर्याप्त है।

xiii. उत्तरदाता निर्यातकों ने संभावना विश्लेषण के लिए प्रासंगिक ईक्यूआर (ईक्यूआर के अनुलग्नक III) में निम्नलिखित महत्वपूर्ण पहलुओं पर मांगी गई सूचना को खाली छोड़ दिया है, यह कहते हुए कि यह सूचना उत्तरदाता पक्षकारों पर लागू नहीं होती है:

- क) देश का उत्पादन
- ख) घरेलू बाजार में अन्य उत्पादकों की बिक्री
- ग) घरेलू बाजार में कुल बिक्री
- घ) आपके देश में आयात
- ड.) आपके देश में कुल मांग
- च) अन्य उत्पादकों का भारत को निर्यात
- छ) भारत को छोड़कर अन्य देशों को अन्य उत्पादकों का निर्यात

xiv. चूंकि उत्तरदाता निर्यातक आवेदक द्वारा उठाए गए संभावना के दावों का खंडन करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रहे हैं, अत: अनुरोध है कि वर्तमान मामले में संभावना जांच आवेदन में प्रस्तुत सूचना के आधार पर की जाए।

xv. साथ ही, उत्तरदाता निर्यातक अर्थात् मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कंपनी लिमिटेड ने दावा किया है कि उन्होंने अपने निर्यात में नकारात्मक मार्जिन का संकेत देते हुए उच्च दर पर संबद्ध सामानों का निर्यात किया है। तथापि, जांच की अवधि में नकारात्मक मार्जिन पाटनरोधी शुल्क के जारी रहने या न रहने का निर्धारण करने वाला कारक नहीं है और जो संगत है वह संभावना की जांच है। इस प्रकार, जब तक भारत को संबद्ध सामानों के निर्यात से पाटन और क्षति की संभावना है, तब तक उत्तरदाता उत्पादक अर्थात् मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कंपनी लिमिटेड पर पाटनरोधी शुल्क जारी रहने योग्य है। प्राधिकारी द्वारा अतीत में भी ऐसा ही दृष्टिकोण अपनाया गया है और क्लियर फ्लोट ग्लास से संबंधित निर्णायक समीक्षा इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिसमें पाटनरोधी शुल्क जारी रहा, जबकि जांच की अवधि के दौरान निर्यातक के पास सकारात्मक पाटन मार्जिन और नकारात्मक क्षति मार्जिन था।

xvi. पाटन और क्षति की संभावना अलग अलग उत्तरदाता निर्यातकों के मामले में भी निर्धारक कारक है और कोई भी नकारात्मक पाटन या क्षति मार्जिन उन्हें किसी भी शून्य शुल्क का हकदार नहीं बनाता है, जैसा कि नियमावली और प्राधिकारी की विगत परिपाटियों में भी सिद्ध है।

च.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

<u>सामान्य मूल्य</u>

30. धारा 9क(1)(ग) के तहत, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है:

(i)व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम (6) के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा

(ii)जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रकिया में समान वस्तु की कोई बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगाः-

(क) समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप-धारा (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा

(ख) उपधारा- (6) के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उद्गम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत;

बशर्ते यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल यानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उद्गम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

चीन जन.गण. के उत्पादकों के लिए बाजार अर्थव्यवस्था का स्तर

31. डब्ल्यूटीओ में चीन के एक्सेसन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नलिखत प्रावधान है:"जीएटीटी 1994 का अनुच्छेद VI, टैरिफ और व्यापार संबंधी सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद VI के कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार एक डब्ल्यूटीओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों की संलिप्तता की कार्यवाहियों में लागू होंगे जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं:-

(क) "जीएटीटी 1994 के अनुच्छेद -VI और पाटनरोधी करार के तहत कीमत तुलनात्मकता का निर्धारण करने में, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे अथवा उस पद्धति का उपयोग करेंगे, जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर घरेलू कीमतों या चीन में लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने पर आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो निर्यात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन के मूल्यों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त अनुपालन पर आधारित नहीं है ,यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण ,उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग हैं।

(ख) एससीएम समझौते के पैरा II ,III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क),14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राजयसहायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे ,तथापि ,उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों ,तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए तब पद्धति का उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखती है और चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में ,जहां व्यवहार्य हो ,आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों का उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यामान निबंधन और शर्तों को ठीक करना चाहिए।

(ग) आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैरा (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी कार्य समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को कमिटी ऑन सब्सिडीज और काउंटर वेलिंग मैसर्स के लिए अधिसूचित करेगा।

(घ) आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य को राष्ट्रीय कानून के तहत चीन ने एक बार यह सुनिश्चित कर लिया है कि यह एक बाजार अर्थव्यवस्था है ,तो उप पैराग्राफ के प्रावधान (क)समाप्त कर दिए जाएंगे , बशर्ते आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में प्राप्ति की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ क (II) के प्रावधान प्राप्ति की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त होंगे। इसके अलावा ,आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं ,उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

32. यह नोट किया जाता है कि अनुच्छेद 15(क)(ii) में निहित प्रावधान 11.12.2016 को समाप्त हो गए हैं, तथापि एक्सेसन प्रोटोकॉल के 15(क)(i) के अधीन दायित्व के साथ पठित डब्ल्यूटीओ के अनुच्छेद 2.2.1.1 के अंतर्गत प्रावधानों में भारत की नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8 में निर्धारित मापदंड को बाजार अर्थव्यवस्था के दर्जे के दावे संबंधी पूरक प्रश्नावली में दी जाने वाली सूचना/आंकड़ों के ज़रिए पूरा करना अपेक्षित है।

33. जांच की शुरुआत के स्तर पर, प्राधिकारी ने एसजीए और लाभ जोड़कर भारत में संबद्ध सामानों की उत्पादन लागत के आधार पर आवेदक द्वारा प्रस्तुत सूचना के अनुसार सामान्य मूल्य निर्मित कार्यवाही की। जांच शुरु करने पर प्राधिकारी ने चीन जन.गण. में उत्पादकों/निर्यातकों को सलाह दी कि वे जांच की शुरुआत की सूचना का उत्तर दें और अपनी बाजार अर्थव्यवस्था के स्तर के निर्धारण के लिए संगत सूचना दें। प्राधिकारी ने नियमावली के अनुबंध-I के पैरा 8(3) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की अवधारणा का खंडन करने और संगत विस्तृत सूचना देने के लिए सभी ज्ञात उत्पादकों/निर्यातिकों को पूरक प्रश्नावली की प्रतियां भेजी। प्राधिकारी ने चीन जन.गण. की सरकार से यह भी अनुरोध किया कि वे चीन में उत्पादकों/निर्यातकों को संगत सूचना देने की सलाह दें।

34. किसी भी निर्यातक/उत्पादक ने चीन जन.गण. के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की अवधारणा का विरोध नहीं किया। इस प्रकार, उपर्युक्त स्थिति के मद्देनजर और किसी भी चीनी निर्यातक कंपनी द्वारा गैर-बाजार अर्थव्यवस्था की अवधारणा का खंडन किए जाने के अभाव में, प्राधिकारी चीन जन.गण. को वर्तमान जांच में गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाला देश मानना उपयुक्त समझते हैं और चीन जन.गण. के मामले में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए नियमावली के अनुबंधं-I के पैरा 7 के अनुसार कार्यवाही करते हैं।

35. तद्नुसार, चीन जन.गण. से सभी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य निम्नलिखितानुसार निर्धारित किया गया है:

<u>चीन जन.गण. में सभी उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य</u>

36. नियमावली का अनुबंध I निम्नलिखित रूप में पठित है:

गैर बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत अथवा निर्मित मूल्य, अथवा भारत या जहां यह संभव नहीं है, वहां सहित तीसरे देश से अन्य देशों से कीमत अथवा अन्य किसी उपयुक्त आधार, जिसमें आवश्यक होने पर विधिवत समायोजित समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में प्रदत्त अथवा देय कीमत शामिल है, उपयुक्त लाभ मार्जिन शामिल करने के लिए, के आधार पर निर्धारित किया जाएगा। उपयुक्त बाजार अर्थव्यवस्था वाला तीसरा देश संबंधित देश के विकास और प्रश्नगत उत्पाद के मद्देनजर उपयुक्त तरीके में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा चुना जाएगा और चयन के समय उपलबध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना पर उचित ध्यान दिया जाएगा। किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में किसी समान मामले में की गई जांच की समय सीमाओं, जहा लागू हो, के भीतर भी ध्यान दिया जाएगा। जांच से संबंधित पक्षकारों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त चयन से किसी अपर्याप्त विलंब के बिना सूचित किया जाएगा और उनकी टिप्पणियां देने के लिए उपयुक्त समायावधि दी जाएगी।

37. अनुबंध- I के पैरा 7 में सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए एक अनुक्रम निर्धारित है और यह प्रावधान है कि सामान्य मूल्य किसी बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत अथवा निर्मित मूल्य, अथवा तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों में कीमत के आधार पर अथवा जहां यह संभव नहीं है, वहां उपयुक्त लाभ मार्जिन को शामिल करने के लिए आवश्यक होने पर विधिवत समायोजित समान उत्पाद के लिए भारत में वास्तव में प्रदत्त अथवा देय कीमत सहित किसी अन्य उपयुक्त आधार पर निर्धारित किया जाएगा।

38. जांच शुरू होने के समय, हितबद्ध पक्षकारों को आवेदक द्वारा चीन जन.गण. के लिए सामान्य मूल्य पर विचार करने के लिए बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत पर विचार करने के प्रस्ताव पर टिप्पणी करने के लिए सूचित किया गया था और यूएसए में कीमत का दावा भारत से यूएसए को संयुक्त राज्य अमेरिका में पहुंच स्तरों पर भारत से यूएसए को संबद्ध सामानों की निर्यात कीमत के आधार पर किया गया है। आवेदक द्वारा दावों की पुष्टि नहीं की गई है और न ही निर्यातकों द्वारा ऐसे प्रस्ताव पर कोई ठोस टिप्पणी की गई है, सिवाय ऐसे प्रस्ताव को अस्वीकार करने के अनुरोध के। किसी भी हितबद्ध पक्षकार से इस संबंध में कोई और सूचना न मिलने पर, इस आधार पर सामान्य मूल्य के निर्धारण पर विचार नहीं किया जाता है।

39. चूंकि बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत तथा निर्मित मूल्य, अथवा ऐसे तीसरे देश से अन्य देशों को कीमत आवेदक सहित किसी अन्य हितबद्ध पक्षकार द्वारा किए गए भारत को रिकॉर्ड में कोई दावा नहीं है, अत: सामान्य मूल्य इस आधार पर निर्धारित नहीं किया जा सकता। अत:, प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध I के पैरा 7 में निर्धारित किए गए अनुसार भारत में वास्तव में देय कीमत के रूप में चीन जन.गण. से संबद्ध सामानों के लिए सामान्य मूल्य निर्मित किया है। इसका परिकलन बिक्री, सामान्य एवं प्रशासनिक व्यय और लाभ के लिए उपयुक्त अभिवृद्धि कर घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत के आधार पर किया गया है। इस प्रकार निर्धारित निर्मित सामान्य मूल्य नीचे पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

<u>सहयोगी उत्पादकों और निर्यातकों के लिए निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

i. <u>निर्यात कीमत</u>

क) <u>मेसर्स शांगडोंग एनसाइन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड</u>

40. मेसर्स शांडोंग एनसाइन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड, जो कि विषयगत वस्तुओं का उत्पादक सह निर्यातक है, के निर्यातकों के प्रश्नावली के उत्तर से यह पता चलता है कि जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत को *** मीट्रिक टन विषयगत वस्तुओं का निर्यात किया है। प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन और अन्य सहायक दस्तावेजों के माध्यम से डेटा का सत्यापन किया है। उत्पादक/निर्यातक ने समुद्री माल, समुद्री बीमा, अंतर्देशीय माल, बंदरगाह व्यय और ऋण लागत के कारण समायोजन का दावा किया है, और उन्हें अनुमति दी गई है। तदनुसार, निर्धारित निर्यात मूल्य डंपिंग मार्जिन तालिका में प्रदान किया गया है।

ख) <u>मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कंपनी लिमिटेड</u>

41. मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कंपनी लिमिटेड, जो विषयगत वस्तुओं का उत्पादक सह निर्यातक है, के निर्यातकों के प्रश्नावली के उत्तर से यह पता चलता है कि जांच अवधि के दौरान कंपनी ने भारत को *** मीट्रिक टन विषयगत वस्तुओं का निर्यात किया है। प्राधिकारी ने डेस्क सत्यापन और अन्य सहायक दस्तावेजों के माध्यम से डेटा को सत्यापित किया है। उत्पादक/निर्यातक ने समुद्री माल, समुद्री बीमा, अंतर्देशीय माल, बंदरगाह व्यय के कारण समायोजन का दावा किया है, और उसे अनुमति दी गई है। निर्यातक द्वारा क्रेडिट लागत का दावा नहीं किया गया था और इसकी गणना अन्य सहयोगी निर्यातक के आधार पर की गई है। तदनुसार, निर्धारित निर्यात मूल्य डंपिंग मार्जिन तालिका में दिया गया है।

<u>चीन जन.गण. में सभी असहयोगी उत्पादकों तथा निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य तथा निर्यात कीमत का निर्धारण</u>

42. चीन जन.गण. के अन्य असहयोगी निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत उपलब्ध तथ्यों के अनुसार निर्धारित की गई है तथा उसका उल्लेख डंपिंग मार्जिन तालिका में किया गया है।

पाटन मार्जिन

43. विषयगत वस्तुओं के सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, विषयगत देश से विषयगत वस्तुओं के लिए पाटन मार्जिन निम्नानुसार निर्धारित किया गया है:

तालिका – 2
पाटन मार्जिन तालिका

क्र. सं.	देश	उत्पादक	सामान्य मूल्य यू.एस. डॉलर/ मी.टन	निवल निर्यात कीमत यू.एस. डॉलर/ मी.टन	पाटन मार्जिन		
					यू.एस. डॉलर/ मी.टन	(%)	(रेंज %)
1	चीन जन.गण.	मेसर्स शेडोंग एनसाइन इंडस्ट्री कं, लिमिटेड	***	***	***	***	10-20
2	चीन जन.गण.	मेसर्स जिआंगसु गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कं, लिमिटेड	***	***	***	***	65-75
3	चीन जन.गण.	कोई अन्य उत्पादक	***	***	***	***	90-100

छ. क्षति आकलन और कारणात्मक संपर्क की जांच

छ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

44. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आवेदन इस तथ्य के आधार पर दायर किया गया है कि क्षति जारी है। हालांकि, यह देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग को वर्तमान में कोई क्षति नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप, आवेदन दायर करने का आधार ही खराब है और जांच को समाप्त किया जाना चाहिए।

ii. कुल आयात में वृद्धि को घरेलू मांग और याचिकाकर्ता के उत्पादन और बिक्री वृद्धि में भारी वृद्धि के आलोकब में देखा जाना चाहिए।

iii. यदि संबद्ध आयात वास्तव में क्षति पैदा कर रहे थे अथवा क्षति का खतरा कर रहे थे, तो इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं है कि क्षति अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन और बिक्री कैसे बढ़ी है।

iv. चीन जन.गण. से आयातों के लिए कीमत कटौती नकारात्मक है। इसका मतलब है कि जिस कीमत पर याचिकाकर्ता बिक्री कर रहा है वह आयात की पहुंच कीमत से कम है। यह सिद्ध करता है कि याचिकाकर्ता को हुई क्षति पाटित आयातों को छोड़कर किसी अन्य कारण से है।

v. याचिकाकर्ता बिक्री की लागत में वृद्धि होने पर बिक्री मूल्य बढ़ाने/बनाए रखने में सक्षम रहा है। इसके अतिरिक्त, कीमत न्यूनीकरण का कोई मामला नहीं हो सकता है क्योंकि घरेलू उद्योग के बिक्री कीमत में निरंतर वृद्धि हुई है। इसलिए, वर्तमान जांच में कीमत न्यूनीकरण अथवा ह्रास की मौजूदगी का कोई मामला नहीं बनता।

vi. घरेलू उद्योग को अपनी क्षमता उपयोग, उत्पादन और बिक्री में भारी वृद्धि हुई है। आधार वर्ष की तुलना में क्षमता उपयोग में 150% से अधिक की वृद्धि हुई है। उत्पादन और बिक्री में भी वृद्धि हुई है।

vii. कर्मचारियों की संख्या के संदर्भ में घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है। चूंकि क्षति अवधि के दौरान कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि हुई है, इसलिए उत्पादकता में हानि को उत्पादन गतिविधियों में तेजी से विस्तार के कारण आंतरिक अक्षमताओं के लिए स्पष्ट रूप से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

viii. याचिकाकर्ता की मालसूची क्षति अवधि के दौरान बढ़ी हुई प्रतीत होती है। यद्यपि क्षति जांच अवधि (आईआईपी) के दौरान प्रारंभिक मालसूची में वृद्धि हुई है, तथापि, अंतिम मालसूची उस सीमा तक नहीं बढ़ती रही है।

ix. उत्पादन और बिक्री के रूप में मालसूची घट रही है जो यह भी स्पष्ट करती है कि यह पाटन या आयात से संबंधित नहीं है।

x. ऐसा प्रतीत होता है कि नकारात्मक लाभप्रदता अन्य कारकों जैसे आंतरिक अक्षमताओं आदि के कारण है।

xi. पूरी क्षति जांच अवधि में उद्योग के निर्यात निष्पादन में लगातार सुधार हुआ है। याचिकाकर्ता निर्यात बाजार पर अत्यधिक केंद्रित है और घरेलू मोर्चे पर पर्याप्त रूप से ध्यान केंद्रित करने में सक्षम नहीं है।

xii. याचिकाकर्ता की लाभप्रदता में कमी के कारण नियोजित पूंजी पर आय नकारात्मक रूप से प्रभावित हुई है। लाभप्रदता में कमी निर्यात निष्पादन में गिरावट और अधिक मूल्यह्रास के कारण है।

xiii. ब्याज लागत जांच की अवधि में 100 सूचकांक बिंदुओं से घटकर 23 आधार अंक हो गई है, औसत नियोजित पूंजी 100 से बढ़कर 791 सूचकांक बिंदुओं पर पहुंच गई है। याचिकाकर्ता ने कठोर नियामक गुणवत्ता जांच के कारण अतिरिक्त अनुपालन लागतों को नियोजित औसत पूंजी में इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया। हालांकि, दावों को प्राधिकारी द्वारा मान्य किया जाना चाहिए, और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि केवल घरेलू बाजार से संबंधित अनुपालन लागतों पर विचार किया गया है।

xiv. प्राधिकारी को निर्यात बिक्री बाजार को ध्यान में रखते हुए खर्च की गई किसी भी राशि को अस्वीकार करना चाहिए। ऐसा प्रतीत होता है कि आवेदक ने सभी लागतों को शामिल करके नियोजित औसत पूंजी में वृद्धि की है, ताकि अंततः कृत्रिम रूप से एनआईपी का निर्धारण बढ़ाया जा सके।

xv. याचिका से ही यह सत्यापित किया जा सकता है कि याचिकाकर्ता का पहुंच मूल्य और बिक्री कीमत कच्ची सामग्री की लागत के साथ-साथ बढ़ रहे हैं। बिक्री कीमत में गिरावट आयात का कारण नहीं है।

xvi. घरेलू उद्योग को क्षति का निर्धारण करने के लिए, घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति की जांच की जानी चाहिए। थाईलैंड में डब्ल्यूटीओ पैनल का निर्णय - एच-बीम्स (डब्ल्यूटी/डीएस/122/आर) प्रासंगिक है। चीन जन.गण. से डाइसियांडियामाइड के आयात के संबंध में 11 फरवरी, 2014 के काउंसिल इम्प्लीमेंटिंग रेगुलेशन (ईयू) संख्या 135/2014 पर भी भरोसा किया गया था, ताकि यह सुझाव दिया जा सके कि वर्तमान मामले में भी, याचिकाकर्ता के प्रदर्शन में क्षति अवधि के दौरान सुधार हुआ है। क्षति, यदि कोई हो, आयात के अलावा अन्य कारकों के कारण है। उपरोक्त निर्णय को वर्तमान मामले में लागू करने पर यह स्पष्ट है कि क्षति की कोई संभावना नहीं है।

xvii. घरेलू उद्योग की समग्र स्थिति अच्छी है। सभी आर्थिक मापदंड, परिचालनात्मक और वित्तीय, सुधर रहे हैं। अत:, पाटन और क्षति निरंतर नहीं है जिससे कि यह कहा जाए कि घरेलू उद्योग को आयातों के कारण क्षति हो रही है और उन पर पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने की आवश्यकता है।

छ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

45. घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित अनुरोध किए हैं:

i. आवेदन पत्र में वर्तमान पाटन और क्षति को दर्शाया गया है, जिसे मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में पाटन और क्षति की संभावना के हमारे दावों को पुष्ट करने वाले एक प्रमुख कारक के रूप में माना जाना चाहिए और वर्तमान पाटन और क्षति के अलावा अन्य कारक भी हैं, जो मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में वर्तमान मामले में पाटन और क्षति की बहुत मजबूत संभावना को दर्शाते हैं।

ii. घरेलू उद्योग को हानियां हुई और उसे जो हानियां हुईं, वह लागत कटौती स्तरों पर चीन जन.गण. से आयातों की पहुंच कीमत से अनुचित प्रतिस्पर्धा के कारण सीधी गिरावट है और वर्तमान पाटन के अभाव में स्थिति और भी गंभीर हुई है।

iii. आधार वर्ष और जांच की अवधि के बीच चीन जन.गण. से आयात में पूर्ण रूप से वृद्धि हुई है। आधार वर्ष में आयात जो 1,137 मीट्रिक टन था, वह पूर्ण रूप से वृद्धि दर्शाता हुआ 2,025 मीट्रिक टन हो गया।

iv. उत्पादन के संबंध में पाटित किए गए आयातों में जांच अवधि और आधार वर्ष के बीच गिरावट आई है, जो इस मापदंड के संबंध में लागू पाटनरोधी शुल्क के सकारात्मक प्रभाव के रूप में क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के उत्पादन में वृद्धि के अनुरूप है। हालांकि, जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के पास काफी अप्रयुक्त क्षमता बची हुई थी।

v. मांग के संबंध में आधार वर्ष और जांच अवधि के बीच पाटित आयातों में वृद्धि हुई। यह दर्शाता है कि भारतीय बाजार में आयात जारी हैं और भारत में उत्पाद की मांग में वृद्धि के साथ वृद्धि जारी है। पाटित आयातों के लिए ऐसी प्राथमिकता वर्तमान शुल्कों की समाप्ति की स्थिति में और बढ़ेगी।

vi. भारतीय मांग में पाटित आयातों का हिस्सा तब बढ़ा जब भारतीय उत्पादकों के पास संपूर्ण भारतीय मांग को पूरा करने की पर्याप्त क्षमता थी। भारत के उत्पाद पर आत्मनिर्भर होने पर भी पाटित सामान का महत्वपूर्ण हिस्सा इस संभावना को दर्शाता है कि ऐसा हिस्सा काफी बढ़ जाएगा जिससे घरेलू उद्योग को गंभीर क्षति होगी यदि पाटनरोधी शुल्क समाप्त हो जाएं।

vii. चीन जन. से संबद्ध सामानों के आयात पर पाटनरोधी शुल्क 20 मई, 2015 को लागू हुआ। इस प्रकार के शुल्क के बाद से लेकर वर्तमान जांच अवधि तक आयात संबंधी जानकारी से पता चलता है कि पाटित आयात भारतीय बाजार में बहुत ही लगातार प्रकृति के रहे हैं, तब भी जब पाटनरोधी शुल्क उपाय लागू थे। आयात इस प्रकार रहा है:

तालिका - 3

वर्ष	**सोडियम साइट्रेट चीन जन.गण. से आयात** (एमटी में मूल्य)
2015-16	843
2016-17	1,168
2017-18	975
2018-19	736
2019-20	960
2020-21	1,137
2021-22	1,418
2022-23	2,123
2023-24	2,025
अप्रैल-सित. 2024 (वार्षिकीकृत)	966

viii. चीन जन.गण. से पाटित आयातों का बाजार हिस्सा आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि तक बढ़ा है और पूरी क्षति अवधि के दौरान पूर्ण दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्तर पर रहा है।

ix. पाटित आयातों का बाजार हिस्सा आधार वर्ष के बाद और जांच अवधि में 10% से अधिक रहा है, जिसे बाजार समीकरणों को विकृत करने के लिए एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में नोट किया जाना चाहिए।

x. अन्य देशों का बाजार हिस्सा आधार वर्ष और जांच अवधि के बीच घटा है और बाजार हिस्सेदारी के मामले में बहुत कम स्तर पर रहा है। ऐसे अन्य आयात भी उच्च कीमतों पर थे और स्पष्ट रूप से, चीन जन.गण. से आयातों को इसकी पाटित कीमतों के लिए प्राथमिकता दी जाती है।

xi. यद्यपि जांच अवधि तक पाटित आयातों की तुलना में भारतीय मांग में बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई, घरेलू उद्योग की मांग में बाजार हिस्सेदारी उसी अवधि में घट गई। बाजार हिस्सेदारी में गिरावट निरपेक्ष रूप से

लगभग 1.70% थी जो लगभग 7% की गिरावट है और इसे बाजार हिस्सेदारी के पर्याप्त नुकसान के रूप में नोट किया जाना चाहिए।

xii. यद्यपि जांच अवधि और आधार वर्ष के बीच अन्य भारतीय उत्पादकों की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई, लेकिन मांग में उल्लेखनीय वृद्धि का लाभ अन्य भारतीय उत्पादकों को पूरी तरह से नहीं मिला। जबकि आधार वर्ष और जांच अवधि के बीच मांग में वृद्धि लगभग 66% थी, अन्य उत्पादकों की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि केवल 6% रही है।

xiii. याचिका से पता चलता है कि घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध क्षमता पिछले वर्षों में अपरिवर्तित रही है। हालांकि, अकेले आवेदक के पास उपलब्ध क्षमता भारतीय मांग के 85-95% को पूरा करने के लिए पर्याप्त है और देश में 19,000-20,000 मीट्रिक टन की मांग के मुकाबले 30,000-35,000 मीट्रिक टन की क्षमता है।

xiv. जांच अवधि तक घरेलू उद्योग की क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई, भले ही जांच अवधि के दौरान क्षमता 30-40% की सीमा में महत्वपूर्ण स्तर पर अप्रयुक्त रही।

xv. जांच अवधि और तत्काल पिछले वर्ष के बीच घरेलू बिक्री में वृद्धि 2% पर बहुत कम रही है जबकि इसी अवधि के दौरान भारतीय मांग में 17% की वृद्धि हुई। बिक्री में इतनी कम वृद्धि इसी अवधि में पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में 2% की गिरावट का परिणाम है।

xvi. घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई, लेकिन निर्यात में सकारात्मक वृद्धि के परिणामस्वरूप और उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि भी कम होती यदि घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निर्यात में वृद्धि नहीं हुई होती।

xvii. घरेलू उद्योग के मालसूची स्तर में पर्याप्त वृद्धि हुई है, हालांकि क्षमता उपयोग और उत्पादन में वृद्धि हुई है। यह इस तथ्य को दर्शाता है कि उत्पादन में वृद्धि पूरी तरह से बिक्री में परिवर्तित नहीं हो सकी और पाटित आयातों के अथाव में निर्मित मालसूची से बचा जा सकता था।

xviii. मात्रात्मक मापदंडों की स्थिति यह दर्शाती है कि पाटनरोधी शुल्क ने मात्रात्मक निष्पादन में कुछ गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह भी स्पष्ट है कि वर्तमान शुल्कों की समाप्ति की स्थिति में पाटित आयातों में किसी भी वृद्धि के लिए मात्रा निष्पादन अत्यधिक सुभेद्य है।

xix. उत्पादन में वृद्धि के अनुरूप रोजगार के स्तर में जांच की अवधि तक थोड़ी वृद्धि हुई। यदि क्षमता का कम उपयोग न होता तो घरेलू उद्योग अधिक लोगों को रोजगार दे सकता था।

xx. घरेलू उद्योग देश के कानूनों के अनुसार समय पर मजदूरी और वेतन बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और पिछले कुछ वर्षों में कुल मजदूरी में कुछ वृद्धि हुई है। हालांकि, उत्पादन की प्रति इकाई मजदूरी में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई और यह नहीं कहा जा सकता कि दावा की गई क्षति किसी मजदूरी वृद्धि के कारण है।

xxi. प्रति कर्मचारी उत्पादकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और संख्याएं मजबूत रही हैं, जो घरेलू उद्योग के कार्यबल के बहुत कुशल उपयोग को दर्शाती हैं। इसलिए, उत्पादकता में कोई भी गिरावट घरेलू उद्योग के लिए क्षति का कारण नहीं है।

xxii. घरेलू उद्योग की लाभप्रदता जो क्षति अवधि के शुरुआती दो वर्षों में पीबीआईटी और पीबीडीआईटी के संदर्भ में सकारात्मक थी, एक बार फिर जांच की अवधि के दौरान काफी नकारात्मक हो गई। ऐसे मापदंडों पर नुकसान जांच की अवधि के तत्काल पिछले वर्ष के दौरान भी स्पष्ट है। यहां तक कि वर्ष 2021-22 के दौरान पीबीटी भी सकारात्मक थी, जो जांच की अवधि और तत्काल पिछले वर्ष के दौरान भी काफी नकारात्मक हो गई।

xxiii. घरेलू उद्योग जांच की अवधि तक ब्याज लागत आदि को काफी कम करके अपनी दक्षता में सुधार करने में सक्षम रहा है, हालांकि, जांच की अवधि के दौरान वसूल की गई कीमत अलाभकारी रही है और घरेलू उद्योग अपनी लागत भी वसूल नहीं कर सका क्योंकि पाटित आयातों ने ऐसे प्रयासों को कमजोर कर दिया। इस

प्रकार, घरेलू उद्योग जांच अवधि के दौरान एक बार फिर घाटे में रहा है और यह घाटा घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम दर पर पाटित आयातों की मौजूदगी के कारण हुआ है।

xxiv. क्षति अवधि के प्रारंभिक दो वर्षों के दौरान नकद लाभ सकारात्मक थे और यहां तक कि जांच अवधि के दौरान ऐसे नकद लाभ काफी नकारात्मक हो गए। पाटित आयातों से अनुचित मूल्य प्रतिस्पर्धा के परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग लाभदायक स्तरों पर प्रचालन नहीं कर सका, जो नकद लाभ की स्थिति में भी परिलक्षित होता है।

xxv. क्षति अवधि के प्रारंभिक दो वर्षों के दौरान निवेश पर प्रतिफल (आरओआई) सकारात्मक रहा है, जो जांच अवधि के दौरान और तत्काल पिछले वर्ष के दौरान काफी नकारात्मक हो गया। निवेश पर नकारात्मक प्रतिफल की स्थिति घरेलू उद्योग के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है, वह भी तब जब उत्पाद ने मांग में कुछ मजबूत वृद्धि दिखाई है और ऐसी स्थिति में नकारात्मक आरओआई घरेलू उद्योग के अस्तित्व के उद्देश्य पर ही प्रश्नचिह्न लगाता है।

xxvi. यद्यपि जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का बाजार हिस्सा और मालसूची स्तर नकारात्मक रूप से बढ़ा है, हालांकि उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री जैसे कुछ अन्य मात्रा मापदंडों ने सकारात्मक प्रवृत्ति दिखाई है। हालांकि, बिक्री मूल्य, लाभ, नकद लाभ और आरओआई जैसे सभी मूल्य मापदंडों ने महत्वपूर्ण नकारात्मक वृद्धि दिखाई है। यदि कोई पाटनरोधी शुल्क नहीं होता तो स्थिति और भी गंभीर होती और स्थिति यह भी दर्शाती है कि घरेलू उद्योग की वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए पाटनरोधी शुल्क को जारी रखना बहुत आवश्यक है।

xxvii. घरेलू उद्योग अभी भी अपने द्वारा पहले से किए गए निवेशों पर उचित स्तर का रिटर्न हासिल करने के लिए संघर्ष कर रहा है। पाटित आयात पहले से किए गए ऐसे निवेशों पर किसी भी विवेकपूर्ण स्तर की आय को प्राप्त करने में बाधा बन रहे हैं और क्षमता आदि का महत्वपूर्ण रूप से विस्तार करने के लिए कोई और पूंजी जुटाना भारतीय बाजार में समान अवसर की निरंतरता पर निर्भर करेगा।

xxviii. घरेलू उद्योग को 2022-23 और 2023-24 के दौरान मौजूदा सुविधा में और अधिक और पर्याप्त निवेश करना होगा, विशेष रूप से सबसे आधुनिक बुनियादी ढांचे और संयंत्र और मशीनरी में नए परिवर्तन के साथ सुविधा को नया रूप देने के लिए ताकि 28 दिसंबर, 2023 की अनुसूची एम अधिसूचना के अनुरूप सुविधा में सर्वोत्तम विनिर्माण प्रथाओं को अपनाया जा सके।

xxix. चीन जन.गण. से आयात की पहुंच कीमत में जांच अवधि के दौरान तत्काल पिछले वर्ष की तुलना में तेजी से गिरावट आई, हालांकि जांच अवधि के दौरान कीमत कटौती नकारात्मक रही है। वास्तविक मूल्य प्रभाव को इस तथ्य में देखा जाना चाहिए कि चीन जन.गण. से आयात की पहुंच कीमत ने मूल्य वृद्धि को रोका जो अन्यथा काफी हद तक होती और आयात की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से कम रही है।

xxx. जांच अवधि के दौरान नकारात्मक कटौती इस कारण से महत्वहीन है कि आयात की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से कम रही है और घरेलू उद्योग को अपनी लागत से कम कीमत पर बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा।

xxxi. यह एक निर्धारित सिद्धांत है कि नकारात्मक कीमत कटौती का मतलब क्षति की अनुपस्थिति नहीं है और न ही कीमत कटौती कीमत की क्षति को मापने का एकमात्र मापदंड है। बहुत से मामलों में, प्राधिकारी ने तब भी क्षति पाई जब कीमत कटौती नकारात्मक रही (टीडीआई, पीटीए आदि जैसे मामले इसके उदाहरण हैं)।

xxxii. आवेदन पत्र में दिए गए अनुसार पाटित आयातों से कम कीमत पर बिक्री काफी है। आवेदक की उत्पादन लागत और उचित मूल्य (एनआईपी) से कम कीमत पर पाटित आयातों को घरेलू उद्योग को निरंतर क्षति दिखाने वाले एक प्रमुख कारक के रूप में नोट किया जाना चाहिए।

xxxiii. यद्यपि घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, बिक्री कीमत तथा आयातों की पहुंच कीमत में तत्काल पिछले वर्ष की तुलना में जांच अवधि के दौरान गिरावट आई, फिर भी आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत की तुलना में काफी कम रही। इससे पता चलता है कि पाटित आयातों की पहुंच कीमत के कारण घरेलू उद्योग की कीमत का ह्रास हुआ।

xxxiv. निर्यातकों ने जांच अवधि के दौरान प्रमुख कच्चे माल अर्थात साइट्रिक एसिड की कीमत में आई गिरावट की तुलना में बहुत अधिक दर पर संबद्ध सामानों की कीमत में कमी की। कीमत में 29% की अस्पष्टीकृत अतिरिक्त गिरावट उन तथ्यों में से एक है जो चीन जन.गण. से संबद्ध सामानों के उत्पादकों द्वारा अपनाई जा रही निर्यात कीमत निर्धारण नीति में पाटन के तत्व को प्रदर्शित करता है।

xxxv. उपरोक्त चर्चाओं से यह तथ्य पता चलता है कि घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटे तथा मात्रा मापदंडों के संदर्भ में औसत से कम प्रदर्शन के रूप में क्षति का सामना करना पड़ रहा है तथा ऐसे प्रमुख क्षति मापदंडों के संदर्भ में वृद्धि भी नकारात्मक रही है। वर्तमान पाटनरोधी शुल्क के अभाव में उपरोक्त मापदंडों पर क्षति अधिक होती।

छ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

46. अनुबंध-II के साथ पठित पाटनरोधी नियमावली के नियम 11 में यह प्रावधान है कि क्षति के निर्धारण में, *"... पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव सभी संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए"* घरेलू उद्योग को क्षति दर्शाने वाले कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करने में, यह जांच करना आवश्यक माना जाता है कि क्या भारत वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा क्या इन आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों का काफी मात्रा में ह्रास करना अथवा कीमत वृद्धि रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा तक हुई होती। भारत में घरेलू उद्योगों पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच करने के लिए, इन सूचकांकों जिनका उद्योग की स्थिति पर प्रभाव पड़ता हो जैसे उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदता, निवल बिक्री वसूली, पाटन आदि की मात्रा और मार्जिन पर नियमावली के अनुबंध-II के अनुसार विचार किया गया है।

47. इस नियमावली के नियम 23 में प्रावधान है कि नियम 6,7,8,9,10,11,16,18,19 और 20 के प्रावधान आवश्यक परिवर्तनों सहित समीक्षा के मामले में लागू होंगे। यदि घरेलू उद्योग का कार्य-निष्पादन यह दर्शाता हो कि इसे क्षति की वर्तमान अवधि के दौरान क्षति नहीं हुई है तब प्राधिकारी इस तथ्य का निर्धारण करेंगे कि क्या वर्तमान शुल्क को समाप्त किए जाने के कारण घरेलू उद्योग को क्षति संभवत: बार बार होगी।

48. जांच प्रक्रिया के दौरान घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति और कारणात्मक संपर्क के संबंध में किए गए अनुरोधों की, जिन्हें प्राधिकारी द्वारा प्रासंगिक माना गया है, जांच की गई है और संगत मापदंडों के तहत उन्हें नीचे हल किया गया है।

49. इस तर्क के संबंध में कि अनुपालन लागत के कारण नियोजित औसत पूंजी में वृद्धि का दावा किया जाना चाहिए और एनआईपी के लिए केवल घरेलू बाजार से संबंधित अनुपालन लागतों पर विचार किए जाने की आवश्यकता है, प्राधिकारी ने निर्यातकों के तर्कों के मद्देनजर आवेदक के दावों को विस्तृत सत्यापन के अधीन किया है। सत्यापन के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा सहायक दस्तावेजों के साथ यह स्पष्ट किया गया है कि मौजूदा सुविधा में निवेश किया गया था और 2022-23 और 2023-24 के दौरान पूंजीकृत किया गया था ताकि उत्पादन सुविधा को वर्ष 2018 में प्रस्तावित औषधि नियम, 1945 में नई अनुसूची एम के अनुरूप बनाया जा सके। कंपनी ने विशेषज्ञ की सिफारिश के आधार पर अपना निवेश निर्णय लिया और नई अनुसूची एम, जिसमें फार्मास्युटिकल उत्पादों के लिए अच्छे विनिर्माण अभ्यास और परिसर, संयंत्र और उपकरणों की आवश्यकताएं शामिल हैं, को भारत सरकार के अधीन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 28 दिसंबर, 2023 को अधिसूचना संख्या जीएसआर 922 (ई) द्वारा अधिसूचित और कार्यान्वित किया गया है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग नोडल मंत्रालय द्वारा नई अनुसूची एम को लागू किए जाने तक नियोजित कैपेक्स की मदद से अपने संयंत्र को अपग्रेड कर सकता है। यह नोट किया जाता है कि कैपेक्स समग्र रूप से उत्पादन के लिए किया गया है न कि केवल निर्यात के लिए जैसा कि तर्क दिया गया है। फिर भी, मुख्य रूप से निर्यात के लिए लागू कुछ निवेशों की पहचान की गई है और जहां भी लागू हो, नियोजित पूंजी की गणना करते समय उन्हें बाहर रखा गया है।

50. विभिन्न क्षति मापदंडों से संबंधित क्षति के तर्क के संबंध में, प्राधिकारी नोट करते हैं कि यह आवश्यक नहीं है कि क्षति के सभी मापदंड गिरावट दर्शाएं। कुछ मापदंड गिरावट दर्शा सकते हैं, जबकि कुछ अन्य नहीं दर्शा सकते हैं। प्राधिकारी घरेलू उद्योग के वित्तीय मापदंडों का आकलन करने के लिए सभी क्षति मापदंडों पर विचार करते हैं। प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत तथ्यों और तर्कों पर विचार करते हुए क्षति मापदंडों की निष्पक्ष रूप से जांच की है।

i. घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रात्मक प्रभाव

क. मांग / स्पष्ट खपत का आकलन

51. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग और अन्य भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्रियों और सभी स्रोतों से आयातों के योग के रूप में भारत में पीयूसी की मांग या स्पष्ट खपत को परिभाषित किया है। इस प्रकार, आकलित मांग नीचे तालिका में दी गई है।

तालिका – 4

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
चीन जन. गण. से आयात (संबद्ध देश)	एमटी	1,137	1,418	2,123	2,025
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	125	187	178
अन्य देशों से आयात	एमटी	585	309	252	384
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	53	43	66
देश में कुल आयात	एमटी	1,722	1,727	2,375	2,409
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	138	140
याचिकाकर्ता की घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	73	152	154
समर्थकों की घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	146	127	150
अन्य उत्पादकों की घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	172	201
मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	110	149	166

52. यह देखा गया है कि उत्पाद की मांग में आधार वर्ष और पीओआई के बीच 66 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है।

ख. संबद्ध देश से आयात मात्राएं

53. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी को यह विचार करना अपेक्षित है कि क्या पाटित आयातों में, समग्र रूप से या भारत में उत्पादन या खपत के सापेक्ष, भारी वृद्धि हुई है। क्षति विश्लेषण के प्रयोजन के लिए, प्राधिकारी ने डीजीसीआईएंडएस के अनुसार आयात पर भरोसा किया है। क्षति जांच अवधि के दौरान भारत में कुल आयात में संबद्ध वस्तुओं की आयात मात्रा और उसका हिस्सा इस प्रकार है:

तालिका – 5

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
देश में कुल आयात	एमटी	1,722	1,727	2,375	2,409
चीन जन. गण. से आयात (संबद्ध देश)	एमटी	1,137	1,418	2,123	2,025
अन्य देशों से आयात	एमटी	585	309	252	384
कुल आयातों में संबद्ध देश का हिस्सा	%	66	82	89	84
कुल आयातों में अन्य देशों का हिस्सा	%	34	18	11	16
कुल	**%**	**100**	**100**	**100**	**100**

54. यह देखा गया है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का पाटित आयात आधार वर्ष में 1,137 एमटी से बढ़कर जांच अवधि में 2,025 एमटी हो गया है, जो आयात में समग्र वृद्धि दर्शाता है। प्रतिशत के संदर्भ में, भारत में समग्र आयात में संबद्ध देश से पाटित आयातों का हिस्सा जो आधार वर्ष में 66% था, जांच अवधि में बढ़कर

84% हो गया, जबकि अन्य देशों से आयातों का हिस्सा आधार वर्ष में 34% से घटकर जांच अवधि तक 16% रह गया। उपरोक्त जानकारी यह भी दर्शाती है कि संबद्ध देश भारत में सोडियम साइट्रेट के आयात का मुख्य स्रोत बना हुआ है।

ग. <u>सापेक्ष रूप में संबद्ध देश से आयात</u>

तालिका – 6

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
चीन जन. गण. से आयात (संबद्ध देश)	एमटी	1,137	1,418	2,123	2,025
मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	110	149	166
घरेलू उद्योग का उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	144	191	265
भारतीय खपत से संबंधित संबद्ध देश से आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	113	125	107
घरेलू उद्योग के उत्पादन से संबंधित संबद्ध देश से आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	71	98	67

55. यह नोट किया गया है कि खपत के सापेक्ष पाटित आयातों का हिस्सा जांच अवधि और आधार वर्ष के बीच 7% बढ़ा है। तथापि, भारत में उत्पादन के संबंध में पाटित आयातों में जांच अवधि और आधार वर्ष के बीच 33% की गिरावट आई है, जो इसी अवधि में घरेलू उद्योग के उत्पादन में वृद्धि के अनुरूप है।

ii. <u>घरेलू उद्योग पर आयातों का कीमत प्रभाव</u>

56. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, यह विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में कथित पाटित आयातों द्वारा भारी कीमत कटौती की गई है या क्या ऐसे आयातों का प्रभाव अन्यथा कीमतों में कमी करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा सामान्य प्रक्रिया में बढ़ गई होती। संबद्ध देश से पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत कटौती, कम कीमत पर बिक्री, कीमत ह्रास और कीमत न्यूनीकरण, यदि कोई हो, के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के प्रयोजनार्थ घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत, निवल बिक्री प्राप्ति (एनएसआर) और क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) की तुलना संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयातों की पहुंच कीमत के साथ की गई है।

क) <u>कीमत कटौती</u>

57. कीमत कटौती विश्लेषण के प्रयोजनार्थ, घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध देश से आयात के पहुंच मूल्य के साथ की गई है। घरेलू उद्योग की निवल बिक्री कीमत की गणना करते समय सभी करों, रिबेट, छूटों और कमीशनों को घटा दिया गया है तथा पाटित आयातों के पहुंच मूल्य के साथ तुलना के लिए कारखानाद्वार स्तर पर बिक्री प्राप्ति का निर्धारण किया गया है। तदनुसार, संबद्ध देश से पाटित आयातों के कटौती प्रभाव निम्नानुसार निर्धारित किए गए हैं:

तालिका – 7

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
निवल बिक्री प्राप्ति	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	300	188	118
लैंडेड मूल्य (एलवी)	रू/एमटी	57,319	96,155	1,29,945	91,014
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	168	227	159
मूल्य में कटौती	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	949	-2	-82
मूल्य में कटौती	एलवी का %	***	***	***	***
मूल्य में कटौती	रेंज	15-25	110-120	ऋणात्मक	ऋणात्मक

58. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया गया है कि संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के आयात भारतीय बाजार में घरेलू उद्योग की निवल बिक्री प्राप्ति से अधिक कीमत पर प्रवेश कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जांच अवधि के दौरान ऋणात्मक कीमत कटौती हुई है। घरेलू उद्योग द्वारा यह तर्क दिया गया है कि ऋणात्मक कीमत कटौती का अर्थ यह नहीं है कि क्षति नहीं हुई है, जैसा कि कई जांचों में कहा गया है और घरेलू उद्योग की वास्तविक चिंता यह है कि आयातों की पहुंच कीमत घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से भी कम है, जिसके कारण कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हो पाई है, जो पाटित आयातों की अनुपस्थिति में हो गई होती।

59. घरेलू उद्योग द्वारा यह भी कहा गया है कि भले ही आयात की औसत कीमत पर कीमत कटौती नकारात्मक रही हो, लेकिन पेय पदार्थ उत्पादकों जैसे पेप्सिको इंडिया/कोको कोला इंडिया द्वारा किए गए आयातों को देखते हुए कीमत कटौती सकारात्मक होगी, जिन्होंने उच्च कीमतों पर आयात करने का दावा किया है। इस संबंध में, प्राधिकारी ने डीजी सिस्टम के आंकड़ों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पेप्सिको इंडिया/कोको कोला इंडिया और अन्य आयातकों के लिए अलग से कीमत कटौती की भी जांच की है और यह नोट किया गया है कि पेप्सिको इंडिया और कोका कोला इंडिया के अलावा अन्य पक्षों द्वारा किए गए आयातों के मामले में कीमत कटौती सकारात्मक रही है।

तालिका – 8

विवरण	एमटी	पहुंच मूल्य	एनएसआर	कटौती	कटौती(%)	रेंज
पेप्सिको इंडिया एवं कोका कोला इंडिया	***	***	***	***	***	ऋणात्मक
अन्य	***	***	***	***	***	15-25
कुल	***	***	***	***	***	ऋणात्मक

60. उपर्युक्त जानकारी से पता चलता है कि पेप्सिको इंडिया और कोका कोला इंडिया के अलावा अन्य पक्षकारों द्वारा किए गए आयातों के मामले में कीमत कटौती सकारात्मक रही है।

ख) <u>कीमत ह्रास / न्यूनीकरण</u>

61. यह निर्धारित करने के लिए कि क्या आयातों का प्रभाव कीमतों में भारी कमी करना है या ऐसी कीमत वृद्धि को रोकना है, जो अन्यथा सामान्य प्रक्रिया में काफी बढ़ गई होती। प्राधिकारी ने पाटित आयातों की पहुंच कीमत के आलोक में क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की लागतों और कीमतों में परिवर्तनों की जांच निम्नानुसार की है:

तालिका – 9

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
बिक्रियों की लागत	रू/एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	191	233	157
घरेलू बिक्री कीमत	रू/एमटी	***	***	***	***
	सूचीबद्ध	100	300	188	118
लैंडेड मूल्य (संबद्ध देश)	रू/एमटी	57,319	96,155	1,29,945	91,014
	सूचीबद्ध	100	168	227	159

62. उपर्युक्त तालिका के अनुसार सूचना यह दर्शाती है कि क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत में 57% की वृद्धि हुई, जबकि घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में उसी अवधि में केवल 18% की वृद्धि हुई, जो कीमत न्यूनीकरण को दर्शाता है।

iii. <u>घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड</u>

63. पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-।। में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में समान उत्पाद के घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव की तथ्यपरक जांच शामिल होगी । ऐसे उत्पादों की घरेलू उत्पादकों पर पाटित आयातों के परिणामी प्रभाव के संबंध में पाटनरोधी नियमावली में यह भी उपबंध है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में समस्त संगत आर्थिक मापदंडों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की

स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन मार्जिन की मात्रा, नकद प्रवाह, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि, पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों का तथ्यपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होगा।

64. क्षति और कारणात्मक संबंध पर अनिवार्य तथ्यों का प्रकटन करते हुए, प्राधिकारी ने इस जांच में अब तक सभी हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए विभिन्न अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए क्षति मापदंडों की भी वस्तुनिष्ठ रूप से जांच की है, ताकि सभी अनुरोधों का उनके तथ्यों के आधार पर समाधान किया जा सके।

क) <u>उत्पादन, क्षमता, बिक्री और क्षमता उपयोग</u>

65. उत्पादन, घरेलू बिक्री, क्षमता और क्षमता उपयोग के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन निम्नानुसार रहा:

तालिका – 10

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
संस्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	100	100
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	176	191	265
क्षमता उपयोग	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	176	191	265
घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	73	152	154

66. यह नोट किया गया है कि यद्यपि संबद्ध वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए घरेलू उद्योग के पास उपलब्ध क्षमता क्षति अवधि के दौरान समान रही, फिर भी आधार वर्ष और जांच अवधि के बीच घरेलू उद्योग के उत्पादन, क्षमता उपयोग और बिक्री में वृद्धि हुई।

ख) <u>मालसूची</u>

67. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति नीचे तालिका में दी गई है:

तालिका – 11

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
प्रारंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	एमटी	100	571	1,335	1,719

68. यह नोट किया गया है कि जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की मालसूची में वृद्धि हुई है। जांच अवधि के अंत में मालसूची, जांच अवधि के दौरान मालसूची में वृद्धि को दर्शाते हुए, इस अवधि के लिए प्रारंभिक मालसूची स्तर से अधिक रही है। जांच अवधि के दौरान मालसूची का स्तर घरेलू बिक्री की मात्रा की तुलना में काफी अधिक रहा है।

ग. <u>मांग में बाजार हिस्सा</u>

69. आयातों और घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से की निम्नानुसार जांच की गई है:

तालिका – 12

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
चीन जन. गण. से आयात (संबद्ध देश)	एमटी	1,137	1,418	2,123	2,025
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	125	187	178
अन्य देशों से आयात	एमटी	585	309	252	384
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	53	43	66
देश में कुल आयात	एमटी	1,722	1,727	2,375	2,409

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	100	138	140
याचिकाकर्ता की घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	73	152	154
समर्थकों की घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	146	127	150
अन्य उत्पादकों की घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	108	172	201
मांग	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	110	149	166
निम्नलिखित में भारतीय मांग का हिस्सा:					
चीन जन. गण. से आयात (संबद्ध देश)	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	113	125	107
अन्य देशों से कुल आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	48	29	40
देश में कुल आयात	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	91	93	84
याचिकाकर्ता की घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	66	102	92
समर्थकों की घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	132	85	90
अन्य उत्पादकों की घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	98	116	121
भारतीय उत्पादकों की घरेलू बिक्रियां	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	102	101	103

70. उपर्युक्त तालिका से यह नोट किया गया है कि यद्यपि भारत में संबद्ध वस्तु की मांग में पाटित आयातों के बाजार हिस्से में आधार वर्ष और पीओआई के बीच 7% की वृद्धि हुई। तथापि, भारतीय मांग में घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में उसी अवधि में 8% तक की गिरावट आई । तथापि, भारतीय मांग में अन्य स्रोतों से आयातों का बाजार हिस्सा आधार वर्ष और जांच अवधि के बीच 60% घटा। यह स्पष्ट है कि क्षति अवधि और जांच अवधि में पाटित आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि जारी रही।

घ) <u>लाभप्रदता, निवेश पर आय और नकद लाभ</u>

71. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग का लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय नीचे तालिका में दिया गया है:

तालिका – 13

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
लाभ/हानि(पीबीटी)	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	3,619	-1,800	-1,513
लाभ/(हानि) ब्याज और कर पूर्व (पीबीआईटी)	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	4,828	-2,336	-1,989
नकद लाभ	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	5,139	-2,139	-1,957
औसत नियोजित पूंजी	रू लाख	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	297	492	791
नियोजित पूंजी पर आय	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	-100	1,194	-721	-387

72. उपरोक्त तालिका से यह नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग के प्रमुख लाभप्रदता मापदंडों ने वर्ष 2020-21 और 2021-22 के बीच सकारात्मक वृद्धि दर्शाई और उसके बाद 2022-23 और जांच अवधि के दौरान लाभप्रदता में काफी गिरावट आई। परिणामस्वरूप, प्रति इकाई कर पूर्व लाभ, ब्याज और कर पूर्व लाभ और नियोजित पूंजी पर आय जैसे सभी प्रमुख मापदंडों के संदर्भ में लाभप्रदता जांच अवधि के दौरान नकारात्मक रही है। घरेलू उद्योग द्वारा यह कहा गया है कि घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत से कम कीमतों पर किए गए पाटित आयात ऐसे घाटे का कारण रहे हैं और वर्तमान पाटनरोधी शुल्क की अनुपस्थिति में घाटे में वृद्धि होगी।

ड.) रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी

73. क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग के रोजगार, उत्पादकता और मजदूरी नीचे तालिका में दिए गए है:

तालिका – 14

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
रोजगार	संख्या	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	170	198	273
मज़दूरी	रू लाख	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	131	166	267
कर्मचारी प्रति उत्पादकता	एमटी/व्यक्ति	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	104	96	97
मजदूरी	रू/एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	75	87	101

74. यह नोट किया गया है कि रोजगार के स्तर में सकारात्मक वृद्धि हुई है। साथ ही, उत्पादन की प्रति इकाई मजदूरी में भी जांच अवधि तक केवल मामूली वृद्धि हुई है।

च) पाटन मार्जिन की मात्रा

75. पाटन की मात्रा इस बात का एक संकेतक है कि भारत में आयात कितनी मात्रा में पाटित किया जा रहा है। जांच से पता चला है कि जांच अवधि में पाटन मार्जिन सकारात्मक और काफी अधिक है।

छ) वृद्धि

76. प्राधिकारी नोट करते हैं कि यद्यपि मालसूची के स्तर को छोड़कर प्रमुख मात्रा मापदंडों के संबंध में घरेलू उद्योग की वृद्धि जांच अवधि के दौरान सकारात्मक रही है, तथापि लाभप्रदता मापदंडों में नकारात्मक वृद्धि देखी गई है, जैसा कि नीचे तालिका से देखा जा सकता है:

तालिका – 15

विवरण	यूनिट	2021-22	2022-23	पीओआई
उत्पादन	%	75.90	8.45	38.90
घरेलू बिक्री मात्रा	%	-26.63	106.86	1.16
क्षमता उपयोग	%	75.90	8.45	38.90
मालसूची	%	471.03	133.76	28.79
रोजगार	%	69.91	16.67	37.50
बिक्री कीमत प्रति कि.ग्रा.	%	199.89	-37.29	-37.23
बिक्रियों की लागत प्रति कि.ग्रा.	%	90.56	-22.29	-32.65
नियोजित पूंजी पर आय	%	1,293.54	-160.44	-46.42
लाभ प्रति यूनिट	%	3,713.37	-149.74	-15.94
पीबीआईटी प्रति यूनिट	%	4,930.17	-148.38	-14.84

77. घरेलू उद्योग ने दावा किया कि लाभप्रदता मापदंडों में नकारात्मक वृद्धि घरेलू उद्योग की लागत से कम कीमतों पर पाटित आयातों का परिणाम है।

ज) पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता

78. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग ने वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान मौजूदा संयंत्र के उन्नयन के लिए अतिरिक्त पूंजी निवेश किया है, ताकि संबद्ध वस्तु का उत्पादन किया जा सके, जो 28 दिसंबर, 2023 से यथा संशोधित और यथा लागू औषधि नियम, 1945 के अंतर्गत नई अनुसूची-एम अपेक्षाओं के समकक्ष हो सके। यह भी नोट किया गया है कि संबद्ध वस्तु के उत्पादन के लिए पहले से किए गए ऐसे निवेशों से आरओसीईई जांच अवधि सहित पूरी क्षति अवधि में एक वर्ष को छोड़कर नकारात्मक रहा। घाटे के जारी रहने से आगे पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

झ) घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

79. संबद्ध देश से आयात कीमतों, लागत संरचना में परिवर्तन, घरेलू बाजार में प्रतिस्पर्धा, पाटित आयातों के अलावा अन्य कारक जो घरेलू बाजार में घरेलू उद्योग की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं, आदि की जांच से पता चलता है कि संबद्ध देश से आयातित सामग्री का पहुंच मूल्य घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है, जिससे कीमत ह्रासकारी प्रभाव पड़ रहा है। यह भी नोट किया जाता है कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तु की मांग में काफी वृद्धि देखी गई थी और इसलिए यह घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला कारक नहीं हो सकता था। इस प्रकार, यह नोट किया जा सकता है कि घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाला मुख्य कारक संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का पाटित आयात है।

ज) गैर-आरोपण विश्लेषण

80. पाटनरोधी नियमावली के अनुसार, प्राधिकारी के लिए अन्य बातों के साथ-साथ पाटित आयातों से इतर किसी ज्ञात कारक की जांच करना अपेक्षित है जिससे उसी समय घरेलू उद्योग को क्षति हो रही हो ताकि इन अन्य कारकों की वजह से किसी क्षति के लिए पाटित आयातों को जिम्मेदार न ठहराया जा सके। इस संबंध में, संगत कारकों में अन्य के साथ-साथ पाटित कीमत पर नहीं बेचे गए आयातों की मात्रा और कीमत, मांग में संकुचन या खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं और विदेशी तथा घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा, प्रौद्योगिकी में विकास, घरेलू उद्योग का निर्यात निष्पादन और उत्पादकता शामिल हैं।

81. चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा है और मूल जांच में कारणात्मक संबंध की जांच पहले ही की जा चुकी है, इसलिए प्राधिकारी ने जांच की कि क्या अन्य ज्ञात सूचीबद्ध कारकों ने घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाई है या उनसे क्षति होने की संभावना है। विशेष रूप से, प्राधिकारी ने यह भी जांच की है कि क्या शुल्कों को हटाने से इस अधिसूचना में उचित खंड में घरेलू उद्योग को क्षति जारी रहने/उसकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

क) तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और कीमत

82. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश के अलावा अन्य देशों से आयात नगण्य है या आयात उच्च कीमतों पर किया गया है। इसलिए तीसरे देशों से आयात घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण नहीं हो सकता है। चूंकि यह एक निर्णायक समीक्षा है, इसलिए इस जांच के लिए केवल संबद्ध देश से आयात ही प्रासंगिक है।

ख) निर्यात निष्पादन

83. प्राधिकारी ने क्षति विश्लेषण के लिए केवल घरेलू परिचालनों के आंकड़ों पर विचार किया है। किसी भी मामले में, जांच अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा किए गए निर्यात में वृद्धि हुई है, जिसका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है:

तालिका – 16

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
निर्यात बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	276	211	439

ग) मांग में संकुचलन/खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन

84. यह नोट किया गया है कि क्षति अवधि के दौरान संबद्ध वस्तुओं की मांग में वृद्धि हुई है। इस प्रकार, यह नोट किया जा सकता है कि घरेलू उद्योग को क्षति मांग में काफी संकुचन के कारण नहीं हुई है।

घ) व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं और प्रतिस्पर्धा की स्थिति

85. संबद्ध वस्तु के आयात पर किसी भी तरह से प्रतिबंध नहीं है और देश में इनका मुक्त रूप से आयात किया जा सकता है। किसी भी हितबद्ध पक्षकार द्वारा ऐसा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह पता चले कि विदेशी और घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा की स्थितियों में कोई बदलाव आया है।

ड.) प्रौद्योगिकी में विकास

86. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने प्रौद्योगिकी में ऐसे किसी महत्वपूर्ण परिवर्तन प्रदर्शित करने के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकता हो। घरेलू उद्योग ने हाल ही में भेषज उत्पादों के लिए उत्तम विनिर्माण प्रथाओं और परिसर, संयंत्र और उपकरणों की आवश्यकताओं को अपनाने के लिए काफी निवेश किया है।

च) खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन

87. घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु और भारत में आयातित वस्तु तुलनीय हैं और अंतिम प्रयोक्ता इन वस्तुओं को परस्पर विनिमय योग्य पाते हैं। खपत की प्रवृत्ति में संभावित परिवर्तन ऐसा कारक नहीं है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति होने का दावा किया जा सकता हो।

छ) अन्य उत्पादों के संबंध में घरेलू उद्योग का निष्पादन

88. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित और बेचे जा रहे अन्य उत्पादों के निष्पादन ने संबद्ध वस्तुओं के संबंध में घरेलू उद्योग के निष्पाद के प्राधिकारी द्वारा किए गए आकलन को प्रभावित नहीं किया है। प्राधिकारी द्वारा विचारित सूचना केवल पीयूसी के संबंध में है।

ज) घरेलू उद्योग की उत्पादकता

89. आकलन के अनुसार, क्षति अवधि के दौरान प्रति कर्मचारी उत्पादकता में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है। इस प्रकार, प्राधिकारी नोट करते हैं कि उत्पादकता में गिरावट घरेलू उद्योग के लिए क्षति का कोई कारण नहीं रही है।

झ. क्षति मार्जिन / कम कीमत पर बिक्री की मात्रा

90. प्राधिकारी ने यथा संशोधित अनुबंध-III के साथ पठित नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए क्षतिरहित कीमत (एनआईपी) निर्धारित की है। विचाराधीन उत्पाद की क्षतिरहित कीमत को घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त उत्पादन लागत से संबंधित सूचना/आंकड़ों को अपनाकर निर्धारित किया गया है। क्षतिरहित कीमत पर क्षति मार्जिन की गणना हेतु संबद्ध देश से पहुंच कीमत की तुलना के लिए विचार किया गया है। क्षतिरहित कीमत के निर्धारण के लिए क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग द्वारा कच्ची सामग्री के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यही व्यवहार सुविधाओं के साथ भी किया गया है। क्षति अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता के सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। यह सुनिश्चित किया गया है कि किसी असाधारण या गैर आवर्ती व्यय को उत्पादन लागत पर प्रभारित नहीं किया जाए। विचाराधीन उत्पाद के लिए औसत नियोजित पूंजी (अर्थात् औसत निवल स्थिर परिसंपत्ति जमा औसत कार्यशील पूंजी) पर नियमावली के अनुबंध-III में यथा विहित क्षतिरहित कीमत ज्ञात करने के लिए एक तर्कसंगत आय (कर पूर्व 22 प्रतिशत की दर से) के कर पूर्व लाभ की अनुमति दी गई थी और उसे अपनाया जा रहा है।

91. संबद्ध देश के सभी असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पहुंच कीमत निर्धारित की है।

92. ऊपर यथा निर्धारित पहुंच कीमत और क्षतिरहित कीमत के आधार उत्पादकों / निर्यातकों के लिए प्राधिकारी द्वारा क्षति मार्जिन निर्धारित किया गया है।

तालिका – 17
क्षति मार्जिन तालिका

क्र. सं.	देश	उत्पादक	एनआईपी यूएस डॉलर/एमटी	पहुंच मूल्य यूएस डॉलर/एमटी	क्षति मार्जिन यूएस डॉलर/एमटी	क्षति मार्जिन (%)	क्षति मार्जिन (रेंज %)
1	चीन जन. गण.	मेसर्स शेडोंग एनसाइन इंडस्ट्री कं, लिमिटेड	***	***	***	***	ऋणात्मक
2	चीन जन. गण.	मेसर्स जिआंगसु गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कं, लिमिटेड	***	***	***	***	40-50
3	चीन जन. गण.	कोई अन्य उत्पादक	***	***	***	***	60-70

ञ. पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना

ञ.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

93. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. 5 वर्ष की अवधि के बाद पाटनरोधी शुल्क को समाप्त करना मानक है। शुल्क को जारी रखना इस मानक का अपवाद है। वर्तमान समीक्षा में पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने के लिए नियम 23(1ख) के अंतर्गत अपवाद को लागू करने के लिए कोई भी परिस्थिति मौजूद नहीं है।

ii. वर्तमान मामले में, पाटनरोधी शुल्क लगभग दस वर्षों से लागू है। तब से घरेलू उद्योग की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ है। साथ ही, याचिकाकर्ता ने अपनी क्षमता उपयोग में आश्चर्यजनक रूप से वृद्धि की है (100 से 265 सूचीबद्ध अंक)। अकेले यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि संबद्ध आयातों पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क ने अपना उद्देश्य पूरा कर लिया है।

iii. वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका वर्तमान निर्णायक समीक्षा की शुरुआत का समर्थन करने के लिए कोई सकारात्मक साक्ष्य दर्शाने में विफल रही। वर्तमान याचिका समीक्षा की शुरुआत की आवश्यकता को प्रमाणित नहीं करती है क्योंकि घरेलू उद्योग पहले से ही लागू शुल्कों के कारण हुई पिछली क्षति से उबर चुका है।

iv. आवेदन इस तथ्य के आधार पर दायर किया गया है कि क्षति जारी है। घरेलू उद्योग को वर्तमान में कोई क्षति नहीं हो रही है। परिणामस्वरूप, आवेदन दायर करने का आधार ही गलत है और जांच को समाप्त किया जाना चाहिए।

v. याचिकाकर्ता ने पाटन और क्षति की संभावना को साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं दिए हैं। पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद आयात की मात्रा में केवल वृद्धि, पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने के

बाद पाटन और क्षति की संभावना को स्थापित करने के लिए अपर्याप्त है, खासकर तब जब आयात में वृद्धि के साथ-साथ आवेदक की सीमित क्षमता के साथ-साथ घरेलू मांग में भी वृद्धि हुई हो।

vi. याचिकाकर्ता को यह दर्शाने के लिए सकारात्मक साक्ष्य देने की आवश्यकता है कि पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति होने की संभावना है। जापान से जंग-रोधी कार्बन स्टील फ्लैट उत्पादों पर पाटनरोधी शुल्क की संयुक्त राज्य अमेरिका-निर्णायक समीक्षा (डब्ल्यूटी/डीएस244/एबी/आर) के मामले में डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के निर्णय और मेक्सिको से ऑयल कंट्री ट्यूबलर गुड्स पर संयुक्त राज्य अमेरिका – पाटनरोधी उपाय के डब्ल्यूटीओ अपीलीय निकाय के निर्णय (डब्ल्यूटी/डीएस282/एबी/आर) का संदर्भ दिया जा सकता है।

vii. व्यापार उपचार महानिदेशक द्वारा जारी 'व्यापार उपचार जांच के लिए परिचालन प्रथाओं के मैनुअल' में निर्धारित प्रक्रियाओं को घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर पाटन और क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति की संभावना निर्धारित करने के लिए ध्यान में रखा जाना चाहिए।

viii. प्राधिकारी से यह भी अनुरोध है कि वे प्रचालन प्रथाओं के व्यापार उपचार मैनुअल के पैराग्राफ 17.30 के अनुसार जांच की अवधि के बाद की अवधि के दौरान आयात की मात्रा और मूल्य के आंकड़ों की समीक्षा करें।

ix. पीवीसी फ्लेक्स फिल्म के लिए द्वितीय एसएसआर के मामले में, सेस्टेट ने माना था कि जांच के दौरान पर्याप्त और विश्वसनीय साक्ष्य रिकॉर्ड पर रखने का दायित्व याचिकाकर्ता का है ताकि एडीडी के समाप्त होने पर पाटन और क्षति जारी रहने की संभावना को उचित ठहराया जा सके। सेस्टेट ने माना कि निर्धारण अनुमान या मात्र धारणा पर या पूर्व धारणा पर आधारित नहीं हो सकता, बल्कि उसे किसी ठोस और सकारात्मक साक्ष्य पर आधारित होना चाहिए।

x. केवल इसलिए कि संबद्ध देश में उच्च निर्यात क्षमता है, इसका यह अर्थ नहीं है कि इन देशों के पास विशेष रूप से भारत के लिए पीयूसी के उपयोग और निर्यात के लिए कोई अतिरिक्त या निष्क्रिय क्षमता उपलब्ध है।

xi. याचिकाकर्ता ने बाजार आसूचना या अन्य स्रोतों के माध्यम से ऐसा कोई साक्ष्य नहीं दिया है, जिससे यह पता चले कि एक बार पाटनरोधी शुल्क समाप्त हो जाने पर संबद्ध देश के उत्पादक तुरंत ही भारत को पाटित कीमतों पर पीयूसी का निर्यात करना शुरू कर देंगे।

xii. प्राधिकारी इस जांच में प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर उत्पादकों के पास उपलब्ध क्षमताओं का सत्यापन कर सकते हैं ताकि यह स्थापित किया जा सके कि संबद्ध देश से भारत में निर्यात की कोई संभावना नहीं है और इस प्रकार, पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति की कोई संभावना नहीं है।

xiii. संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ द्वारा एडीडी जांच से संबंधित याचिकाकर्ता द्वारा उद्धृत मामलों के संबंध में, उन मामलों में पीयूसी का दायरा बहुत व्यापक था और संबद्ध जांच में पीयूसी को शामिल किया गया था। परिणामस्वरूप, उन मामलों में उद्धृत क्षमताओं में न केवल पीयूसी बल्कि अन्य साइट्रेट्स के एक बड़े उत्पाद समूह की क्षमताएं भी शामिल हैं। इसलिए, उन जांचों में उद्धृत क्षमताएं संबद्ध जांच के लिए प्रासंगिक नहीं हैं।

xiv. अधिशेष क्षमताओं की केवल मौजूदगी क्षति की पुनरावृत्ति की संभावना को स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

xv. भारत में निर्यात शिफ्ट करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है और इस बात से इंकार किया जाता है कि भारतीय बाजार आकर्षक बना हुआ है। चूंकि पाटनरोधी शुल्क लगभग दस साल से लागू रहा है, इसलिए याचिकाकर्ता ने आयात से प्रभावी प्रतिस्पर्धा के अभाव में अपनी बाजार स्थिति को पहले ही मजबूत और सुदृढ़ कर लिया है।

xvi. भारत में 20,000-22,000 एमटी की सीमित मांग और एक सुस्थापित घरेलू उद्योग को देखते हुए भारतीय बाजार कोई आकर्षक प्रतीत नहीं होता है। यदि चीन जन.गण. के उत्पादक भारत की ओर अपने उत्पादन का रुख करते भी हैं तो भी इससे उनके क्षमता उपयोग में कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

ञ.2 घरेलू उद्योग द्वारा किए गए अनुरोध

94. घरेलू उद्योग द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

i. संबद्ध देश से पाटित कीमतों पर भारत को पीयूसी का निर्यात जारी है और ऐसे पर्याप्त आधार हैं जो संकेत करते हैं कि वर्तमान शुल्कों की समाप्ति की स्थिति में ऐसा पाटन जारी रहेगा।

ii. यद्यपि उत्पादन, बिक्री और क्षमता उपयोग जैसे क्षति के मात्रात्मक मापदंडों में क्षति अवधि और जांच की अवधि में सकारात्मक विकास हुआ है। तथापि, मालसूची के स्तर में वृद्धि हुई है और क्षमता स्थिर और अल्प प्रयुक्त रही है। आधार वर्ष और जांच की अवधि के बीच पाटित आयातों का बाजार हिस्सा बढ़ा है, जो वर्तमान शुल्कों की समाप्ति की स्थिति में ऐसे बाजार हिस्से में उछाल दर्ज करने की संभावना को दर्शाता है।

iii. लाभ, आरओआई और नकद लाभ जैसे कीमत मापदंड जांच की अवधि के दौरान नकारात्मक रहे हैं और कीमत ह्रास और लागत में कटौती बिल्कुल स्पष्ट है। इस प्रकार, घरेलू उद्योग को लगातार क्षति हो रही है और इस तरह की क्षति का कारण कीमत ह्रास के स्तर पर और घरेलू उद्योग की लागत और एनआईपी से कम कीमत पर पाटित आयातों का जारी रहना है। वर्तमान एडीडी की समाप्ति की दशा में यह स्थिति और खराब हो जाएगी।

iv. जैसा कि वर्तमान जांच में स्पष्ट है कि संबद्ध देश से पाटन और परिणामी क्षति में वृद्धि होने की बहुत अधिक संभावना है तथा मौजूदा पाटनरोधी शुल्क के समाप्त होने की स्थिति में पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है।

v. चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं के निर्यात पर द्वितीय निर्णायक समीक्षा के पश्चात यूरोपीय संघ (एडीडी) और यूएसए (एडीडी और सीवीडी) जैसे अन्य प्रमुख बाजारों में पाटनरोधी और प्रतिसंतुलनकारी शुल्क लगाए गए हैं तथा यह बहुत अधिक संभावना है कि ऐसी स्थिति में भारत में वर्तमान एडीडी की समाप्ति केवल चीन जन. गण. के निर्यातकों के लिए ही शुभ संकेत होगी। ब्राजील, थाईलैंड, रूस आदि द्वारा भी एडीडी लगाया गया है। प्राधिकारी ने प्रथम एसएसआर के समय भी ऐसे शुल्कों का संज्ञान लिया था। यूरोपीय संघ और यूएसए जैसे क्षेत्राधिकारों में पीयूसी का दायरा सोडियम साइट्रेट को कवर करता है, यद्यपि उनके पास उत्पाद का दायरा व्यापक है।

vi. उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि चीन जन. गण. के उत्पादकों के पास 6-7 लाख एमटी के बराबर पर्याप्त मुख्य रूप से निपटान योग्य क्षमता है, जो कुल भारतीय मांग का 30-35 गुना है। यदि एडीडी समाप्त हो जाता है तो ऐसी अतिरिक्त सामग्री भारत में भेज दी जाएगी। आवेदक द्वारा प्रस्तुत चीन जन. गण. में अतिरिक्त क्षमता पर दावों को गलत साबित करने के लिए किसी भी पक्ष द्वारा कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है और आवेदक के अतिरिक्त क्षमता आदि के दावे साक्ष्यों द्वारा समर्थित हैं।

vii. ऐसी परिस्थिति में एडीडी की समाप्ति से लगभग 19,000-20,000 एमटी मांग वाला मजबूत भारतीय बाजार चीन जन. गण. के उत्पादकों को सौंपे जाने की तरह होगा, जो वास्तव में अतिरिक्त और अप्रयुक्त क्षमताओं और यूरोपीय संघ, यूएसए आदि में भारी एडीडी/सीवीडी के साथ-साथ यूएसए में अन्य टैरिफ बाधाओं के मद्देनजर बाजार के अवसरों के लिए जूझ रहे हैं। ऐसे बाजार में एडीडी/सीवीडी जनवरी (यूएसए) और अप्रैल 2021 (ईयू) से अगले पांच वर्षों के लिए पिछले समय-विस्तार के बाद से अभी भी लागू हैं।

viii. शुल्कों की राशि में आवश्यक वृद्धि के साथ चीन जन. गण. पर पाटनरोधी शुल्क को पांच वर्ष की अवधि के लिए और बढ़ाने की आवश्यकता है। वर्तमान राशि पाटन का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए पर्याप्त नहीं है। प्रतिवादी उत्पादकों को कोई शून्य शुल्क नहीं मिलना चाहिए, भले ही वे नकारात्मक

मार्जिन दिखाएं, जब तक कि पाटन और क्षति की संभावना है और ध्यान समग्र रूप से चीन जन. गण. के लिए संभावना विश्लेषण पर होना चाहिए जो प्राधिकारी द्वारा कानून और प्रथाओं की एक स्थापित स्थिति है।

ix. जांच की अवधि के बाद की जानकारी भी महत्वपूर्ण रूप से सकारात्मक स्तरों पर निरंतर पाटन और क्षति मार्जिन का जारी रहना दर्शाती है जो वर्तमान शुल्कों की समाप्ति के मामले में संभावित स्थिति का संकेतक है। जांच की अवधि के बाद की अवधि के दौरान आयात की कीमत में गिरावट प्रमुख कच्चे माल की कीमत में गिरावट से काफी अधिक रही है जो चीन जन. गण. के उत्पादकों द्वारा भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यात में अभी भी चल रहे पाटन का एक मजबूत संकेतक है।

x. मेसर्स डेफोडिल फार्मकिम प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर आवेदन चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी शुल्क को अगले 5 वर्षों के लिए जारी रखने की आवश्यकता को दर्शाता है क्योंकि मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में ऐसे आयातों से पाटन और क्षति की संभावना बिल्कुल स्पष्ट है।

xi. बोरेक्स मोरारजी लिमिटेड बनाम निर्दिष्ट प्राधिकारी के मामले में नियम 23 (1ख) के तहत समीक्षा को शासित करने वाले नियमों के साथ पठित सीटीए, 1975 की धारा 9क (5) की आवश्यकताओं की व्याख्या माननीय सेस्टेट द्वारा की गई है, जिसमें यह देखा गया था कि अभिव्यक्ति "पुनरावृत्ति की ओर जाने की संभावना" उस स्थिति को अपने दायरे में लेगी, जहां पाटन और क्षति समीक्षा के समय मौजूद नहीं हो, क्योंकि पाटनरोधी शुल्क लागू है और जारी है, जिसे यदि पांच वर्ष की अवधि समाप्त होने पर हटा दिया जाता है, तो पाटन और क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना है। इस प्रकार, यदि वर्तमान में कोई पाटन और क्षति नहीं है, तो भी एडीडी जारी रहने योग्य है और आवश्यकता पाटन और क्षति की संभावना दर्शाने वाले कारकों की है।

xii. चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यातित "फ्लैट बेस स्टील व्हील्स" के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की तीसरी निर्णायक समीक्षा जांच और 12 जून 2023 के अंतिम जांच परिणाम जैसे मामलों में जहां संबद्ध देश से कोई आयात नहीं हुआ है और पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग को कोई क्षति नहीं हुई है, वहां शुल्क जारी रखा गया।

xiii. साइट्रिक एसिड संबद्ध वस्तुओं के उत्पादन के लिए मुख्य कच्ची सामग्री है। अब तक भारत साइट्रिक एसिड का आयात करता है क्योंकि वर्ष 2005 में भारत में साइट्रिक एसिड के पाटित आयातों पर एडीडी लगवाने में बिल्कुल विफल रहने के बाद भारत में साइट्रिक एसिड का उत्पादन बंद हो गया था। 2005 के जांच परिणाम से पता चलता है कि प्राधिकारी ने उक्त जांच की जांच अवधि तक निष्पादन में सुधार का उल्लेख करते हुए एडीडी की सिफारिश नहीं की, भले ही उद्योग घाटे में था। भारत अब साइट्रिक एसिड का निवल आयातक है और हमें आशंका है कि यदि चीन जन. गण. में अतिरिक्त संबंधित क्षमता को देखते हुए भी एडीडी को समाप्त किया जाता है तो संबद्ध वस्तु के उत्पादकों के साथ भी यही हो सकता है।

xiv. पाटन और क्षति की संभावना को संबद्ध देश के संदर्भ में देखा जाना चाहिए, न कि केवल प्रतिवादी निर्यातकों के संदर्भ में। इस प्रकार, भले ही प्रतिवादी निर्यातक अपने निर्यात के संबंध में पाटन और क्षति की संभावना का अभाव दर्शाते हों, फिर भी केवल संभावना का देशव्यापी निर्धारण प्रासंगिक है।

xv. प्रतिवादी निर्यातकों ने पाटन और क्षति की संभावना का अभाव नहीं दर्शाया है और चीन जन. गण. से भारत को संबद्ध वस्तु के निर्यात के संबंध में संभावना का निर्धारण करने के लिए अनिवार्य प्रासंगिक जानकारी के संदर्भ में यह उत्तर अपर्याप्त है। प्रतिवादी निर्यातकों ने यह कहते हुए संभावना विश्लेषण के लिए प्रासंगिक ईक्यूआर में महत्वपूर्ण पहलुओं पर मांगी गई जानकारी को खाली छोड़ दिया है कि ऐसी सूचना लागू नहीं होती है।

xvi. पीओआई में कोई भी नकारात्मक मार्जिन एसएसआर में एडीडी को समाप्त करने का कारक नहीं है और जो प्रासंगिक है वह संभावना की जांच है। इस प्रकार, जब तक भारत को संबद्ध वस्तुओं के निर्यात से पाटन और क्षति की संभावना है, तब तक प्रतिवादी उत्पादक अर्थात् मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन

एनर्जी कंपनी लिमिटेड पर एडीडी जारी रखा जाना चाहिए। क्लियर फ्लोट ग्लास से संबंधित एसएसआर जैसे मामलों में प्राधिकारी द्वारा अतीत में यही दृष्टिकोण अपनाया गया है।

xvii. मूल जांच में तथा प्रथम निर्णायक समीक्षा में और वर्तमान आवेदन में भी संबद्ध देश के संबंध में निर्धारित पाटन मार्जिन यह दर्शाता है कि पहले पाया गया पाटन अभी भी जारी है और चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु के उत्पादकों/निर्यातकों ने भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तुओं के पाटन की प्रक्रिया बंद नहीं की है।

xviii. चीन जन. गण. में संबद्ध वस्तु की क्षमताएं स्पष्ट रूप से निर्यात उद्देश्यों के लिए स्थापित की गई हैं क्योंकि चीन जन. गण. में घरेलू मांग चीन जन. गण. में कुल उपलब्ध क्षमता का 24% भी नहीं है, जैसा कि यूरोपीय संघ के प्राधिकारी ने पाया है। यह इस तथ्य को इंगित करता है कि वर्तमान शुल्कों की समाप्ति की स्थिति में चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं का निर्यात जारी रहेगा और लागू एडीडी की समाप्ति पर पाटित दरों पर निर्यात में वृद्धि की संभावना है। निर्यात उन्मुख होना स्पष्ट है।

xix. भारत द्वारा ऐसे समय में मौजूदा एडीडी की समाप्ति की अनुमति देना जबकि अन्य देशों द्वारा अभी भी ऐसे उपाय लागू हैं, से भारत को पाटित दरों पर निर्यात में और वृद्धि होगी, जो वर्तमान शुल्कों की समाप्ति की स्थिति में पाटन को पूरी संभावना को भी दर्शाता है।

xx. प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा दिए गए उत्तर से पता चलता है कि उन्हें आने वाले समय में अपने निर्यात में वृद्धि की उम्मीद है और उत्तर के अनुलग्नक III के अनुसार अनुमान से पता चलता है कि मेसर्स शैंडोंग एनसाइन इंडस्ट्री कंपनी लिमिटेड के मामले में उनके द्वारा भारत को निर्यात वर्ष 2021 में 100 सूचीबद्ध बिंदुओं से बढ़कर वर्ष 2025 में 300 अंक होने की उम्मीद है। मेसर्स जियांग्सू गुओक्सिन यूनियन एनर्जी कंपनी लिमिटेड के मामले में अनुमान जांच की अवधि में 100 सूचीबद्ध बिंदुओं से 69 बिंदु है और इसके 2025 तक 90 सूचीबद्ध बिंदु तक होने का अनुमान है। इस प्रकार, निर्यातक भारत को अधिक निर्यात करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और एडीडी की कोई भी समाप्ति उनके लिए एक अप्रत्याशित अवसर होगी।

xxi. चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु के पाटित आयात पूरी क्षति अवधि और जांच की अवधि के दौरान जारी रहा और वास्तव में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि तक आयात लगभग दोगुना हो गया। भारतीय मांग में ऐसे पाटित आयातों के हिस्से में भी जांच अवधि तक वृद्धि हुई है, जो यह दर्शाती है कि यदि एडीडी समाप्त हो जाता है तो ऐसे आयातों में काफी वृद्धि होगी।

xxii. सहयोगी निर्यातक द्वारा साझा की गई सूचना के आधार पर प्रथम निर्णायक समीक्षा में संबद्ध देश में संबद्ध वस्तु की मालसूची काफी उच्च स्तर पर पाई गई है और चीन जन. गण. के पास उत्पाद के लिए बड़ी सरलता से उपलब्ध मालसूची है जिसे वर्तमान शुल्क की समाप्ति की स्थिति में आसानी से भारत में भेजा जा सकता है। यह अनुमान लगाया गया है कि चीन जन. गण. के पास चालू मालसूची के रूप में अपने उत्पादन के बराबर न्यूनतम 5-10% है जो पूर्ण रूप से 70,000 एमटी से 1,40,000 एमटी की रेंज में होगा।

ञ.3 <u>प्राधिकारी द्वारा जांच</u>

95. वर्तमान समीक्षा चीन जन. गण. से पीयूसी के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की एक निर्णायक समीक्षा है। एडी नियमावली के अंतर्गत प्राधिकारी के लिए यह निर्धारित करना अपेक्षित है कि क्या मौजूदा शुल्क की समाप्ति से पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति के जारी रहने या पुनरावृत्ति होने की संभावना है।

96. प्राधिकारी ने धारा 9क (5), नियम 23 और नियम के अनुबंध-II (vii) के अनुसार वास्तविक क्षति के खतरे से संबंधित मापदंडों और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा रिकॉर्ड में लाए गए अन्य प्रासंगिक कारकों पर विचार करते हुए क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति की संभावना की जांच की है।

97. ऐसा कोई संभावना विश्लेषण करने के लिए कोई विशिष्ट पद्धति उपलब्ध नहीं है। तथापि, नियमावली के अनुबंध II के खंड (vii) में, अन्य बातों के साथ-साथ उन कारकों के बारे में प्रावधान है जिन्हें ध्यान में रखना आवश्यक है, अर्थात -

क) भारत में पाटित आयातों की वृद्धि की काफी अधिक दर, जो आयात में पर्याप्त वृद्धि की संभावना को दर्शाती हो।

ख) निर्यातक की क्षमता में पर्याप्त मुक्त रूप से निपटान योग्य, या आसन्न, पर्याप्त वृद्धि, जो किसी भी अतिरिक्त निर्यात खपत के लिए अन्य निर्यात बाजारों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए भारतीय बाजारों में पाटित निर्यातों में पर्याप्त वृद्धि की संभावना को दर्शाती है।

ग) क्या आयात ऐसी कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं, जिनका घरेलू कीमत पर काफी अधिक ह्रासकारी या न्यूनकारी प्रभाव पड़ेगा और आगे के आयातों की मांग में वृद्धि होने की संभावना होगी; और

घ) वस्तु की मालसूची की जांच की जा रही है।

98. प्राधिकारी ने अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्धारित करने के लिए उपर्युक्त आवश्यकताओं और निम्नलिखित मापदंडों पर विचार किया है कि क्या पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में पाटन की पुनरावृत्ति होने की संभावना है और यदि हां, तो क्या इससे घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा रिकॉर्ड में लाई गई समस्त संगत सूचना की जांच की है।

क) <u>पाटित किए गए आयातों में उल्लेखनीय वृद्धि दर</u>

99. प्राधिकारी नोट करते हैं कि आधार वर्ष की तुलना में जांच अवधि तक संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात में वृद्धि हुई है। इस जांच में नोट किए गए अनुसार संबद्ध देश से संबद्ध वस्तु के आयात नीचे तालिका में दर्शाए गए हैं:

तालिका – 18

विवरण	यूनिट	2020-21	2021-22	2022-23	पीओआई
चीन जन. गण. से आयात (संबद्ध आयात)	एमटी	1,137	1,418	2,123	2,025
प्रवृत्ति	सूचीबद्ध	100	125	187	178

100. प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद भी आयात जारी रहे हैं और आयात में लगातार वृद्धि हो रही है। परिणामस्वरूप, यदि इन शुल्कों को समाप्त होने दिया जाता है, तो संबद्ध देश से आयात में वृद्धि होने की संभावना है।

ख) <u>निरंतर पाटन और क्षति</u>

101. प्राधिकारी नोट करते हैं कि जांच की वर्तमान अवधि में पीयूसी का आयात पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद पाटित कीमतों पर किया हुआ है। यह भी नोट किया गया है कि घरेलू उद्योग का निष्पादन में लाभ, नकद लाभ और नियोजित पूंजी पर आय के संबंध में काफी गिरावट आई है।

102. आवेदक और अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर, प्राधिकारी ने नोट करते हैं कि संबद्ध देश में पीयूसी के उत्पादन के लिए पर्याप्त अतिरिक्त और अप्रयुक्त क्षमताएं हैं। घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि चीन जन. गण. में कुल स्थापित क्षमताएं 6-7 लाख एमटी से अधिक हैं, जबकि देश में संबद्ध वस्तु की कुल मांग केवल 19,000-20,000 एमटी होने का अनुमान है। घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत विवरण को निम्नानुसार नोट किया गया है:

तालिका – 19

विवरण	मात्रा
यूएसआईटीसी/यूएसडीओसी[1] तथा ईयू/ईसी[2] के जांच परिणाम के अनुसार चीन	19.40 लाख एमटी से

---

[1] *यूएसआईटीसी ने जांच परिणाम में साइट्रिक एसिड, सोडियम साइट्रेट और पोटेशियम साइट्रेट के सभी ग्रेड और दाने के आकार उनके अमिश्रित रूपों में, चाहे सूखे या घोल में और पैकेजिंग प्रकार पर विचार किए बिना - जांच संख्या 701-टीए-456 और 731-टीए-1152 (दूसरी समीक्षा) 4 जनवरी, 2020 से प्रभावी, शामिल है।*

[2] *यूरोपीय संघ का जांच परिणाम साइट्रिक एसिड और ट्राइसोडियम साइट्रेट डाइहाइड्रेट - आयोग कार्यान्वयन विनियमन (ईयू) 2021/607 दिनांक 14 अप्रैल 2021 को कवर करता है।*

विवरण	मात्रा
जन. गण. में संबद्ध वस्तु के लिए क्षमता	21.88 लाख एमटी
ईसी जांच परिणाम के अनुसार चीन जन.गण. में संबद्ध वस्तुओं की घरेलू मांग	4.65 लाख एमटी
निर्यात के लिए उपलब्ध क्षमता (चीन जन.गण. में क्षमता ऋण घरेलू मांग)	14.75 लाख एमटी से 17.23 लाख एमटी
चीन जन.गण. से निर्यात (68.75 प्रतिशत उपयोग की दर पर उत्पादन ऋण घरेलू मांग के बीच अंतर)	8.69 लाख एमटी से 10.39 लाख एमटी
अतिरिक्त/अप्रयुक्त क्षमता (क्षमता ऋण घरेलू जमा निर्यात बिक्रियां)	**6.06 लाख एमटी से 6.84 लाख एमटी**

103. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि भारतीय जांच तथा आवेदक द्वारा भरोसा किए गए यूरोपीय संघ और यूएसए पाटनरोधी शुल्क / प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जांच परिणाम में पीयूसी की परिभाषा के बीच पीयूसी के दायरे में अंतर है। इस संबंध में, यह नोट किया गया है कि अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा पहली निर्णायक समीक्षा जांच में भी इसी प्रकार के तर्क दिए गए थे। यह नोट किया गया है कि ऐसे क्षेत्राधिकार में पीयूसी की परिभाषा भारत द्वारा जांच में यथा परिभाषित संबद्ध वस्तु को कवर करती है और ऐसे विदेशी प्राधिकारियों द्वारा दिए गए निष्कर्ष से यह स्पष्ट है कि ऐसे प्राधिकारियों ने सोडियम साइट्रेट को कवर करने वाली अपनी एडीडी/सीवीडी निर्णायक समीक्षा जांच के संचालन में संभावना पहलू की जांच करते समय भारत द्वारा की गई जांच का भी संज्ञान लिया था। यह तर्क देने वाले निर्यातकों द्वारा यह नहीं दर्शाया गया है कि चीन जन. गण. में क्षमता पर ऐसे निष्कर्ष भारतीय पाटनरोधी जांच में यथा परिभाषित सोडियम साइट्रेट पर कैसे लागू नहीं होते हैं और न ही यह दर्शाने के लिए कोई जानकारी प्रस्तुत की गई है कि ऐसा आधार मामले के तथ्यात्मक मैट्रिक्स में उपयुक्त नहीं है।

104. इसके अलावा, संबद्ध देश से प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा दायर प्रश्नावली के उत्तर का विश्लेषण निम्नानुसार है:

तालिका – 20

विवरण	यूनिट	शेडोंग एनसाइन	जियांग्सू गुओक्सिन	सहकारी निर्यातकों की कुल संख्या
संस्थापित क्षमता	एमटी	***	***	***
उत्पादन	एमटी	***	***	***
क्षमता उपयोग	%	***	***	***
घरेलू बिक्रियां	एमटी	***	***	***
भारत में निर्यात बिक्रियां	एमटी	***	***	***
अन्य देशों में निर्यात बिक्रियां	एमटी	***	***	***
कुल निर्यात (भारत + अन्य)	एमटी	***	***	***
कुल बिक्रियां (घरेलू +निर्यात)	एमटी	***	***	***
अधिशेष/अप्रयुक्त क्षमताएं	एमटी	***	***	***
निर्यात उन्मुखन – कुल बिक्रियों से निर्यात बिक्री का अनुपात	%	***	***	***
निर्यात उन्मुखन – कुल बिक्रियों से निर्यात बिक्री का अनुपात	% रेंज	50-60	45-55	45-55
मालसूची	एमटी	***	***	***
अप्रयुक्त क्षमता प्रतिशत में	%	***	***	***
उत्पादन के प्रतिशत के रूप में मालसूची	%	***	***	***

105. उपर्युक्त जानकारी से यह नाट किया जाता है कि प्रतिवादी निर्यातकों के पास भी काफी अप्रयुक्त क्षमताएं और उनकी मालसूची में सामग्री उपलब्ध है। ऐसे उत्पादकों का निर्यात उन्मुखीकरण भी स्पष्ट है, क्योंकि कुल बिक्री का आधे से अधिक हिस्सा निर्यात बाजारों को जाता है।

ग) विभिन्न देशों द्वारा शुल्क लगाया जाना

106. घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया है कि चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु के निर्यात पर दूसरी निर्णायक समीक्षा के बाद यूरोपीय संघ में पाटनरोधी उपाय लागू रहना जारी है और इसी तरह, चीन जन. गण. से अमेरिका को संबद्ध वस्तु के निर्यात पर पाटनरोधी और प्रतिसंतुलनकारी दोनों उपाय लागू हैं और ऐसे शुल्क दूसरी निर्णायक समीक्षा के बाद भी जारी रहे हैं। प्रतिवादी निर्यातकों द्वारा दिए गए उत्तर में यह भी कहा गया है कि यूरोपीय संघ, अमेरिका, ब्राजील में पीयूसी पर पाटनरोधी शुल्क लगाया गया है और अमेरिका में विशेष टैरिफ भी लगाया गया है।

107. रिकार्ड में उपलब्ध सूचना के आधार पर ऐसे शुल्कों का विवरण नीचे दिया गया है:

तालिका – 21

देश/ उपाय	5 वर्षों के लिए अंतिम लेवी/विस्तार की प्रभावी तिथि	उत्पाद का विवरण	शुल्क की राशि
ईयू/एडीडी	14 अप्रैल, 2021- आयोग कार्यान्वयन विनियमन (ईयू) 2021/607 दिनांक 14 अप्रैल 2021	साइट्रिक एसिड और ट्राइसोडियम साइट्रेट डाइहाइड्रेट	15.3% से 42.7%
यूएसए/सीवीडी	4 जनवरी, 2021- [ए–570–937, सी–570–938] चीन जन. गण. से साइट्रिक एसिड और कतिपय साइट्रेट साल्ट: पाटनरोधी शुल्क और प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जारी रखने के आदेश -फेडरल रजिस्टर/वॉल्यूम 86, नंबर 1/सोमवार, 4 जनवरी, 2021	साइट्रिक एसिड, सोडियम साइट्रेट और पोटेशियम साइट्रेट के सभी ग्रेड और दाने के आकार, उनके अमिश्रित रूपों में, चाहे सूखे हों या घोल में, और पैकेजिंग के प्रकार पर विचार किए बिना।	52.22% से 166.34%
यूएसए/एडीडी	4 जनवरी, 2021- [ए–570–937, सी–570–938] चीन जन. गण. से साइट्रिक एसिड और कतिपय साइट्रेट साल्ट: पाटनरोधी शुल्क और प्रतिसंतुलनकारी शुल्क जारी रखने के आदेश -फेडरल रजिस्टर/वॉल्यूम 86, नंबर 1/सोमवार, 4 जनवरी, 2021	साइट्रिक एसिड, सोडियम साइट्रेट और पोटेशियम साइट्रेट के सभी ग्रेड और दाने के आकार, उनके अमिश्रित रूपों में, चाहे सूखे हों या घोल में, और पैकेजिंग के प्रकार पर विचार किए बिना।	156.87%

108. प्राधिकारी नोट करते हैं कि संबद्ध देश के निर्यातक और उत्पादक पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बावजूद भारत में पीयूसी का पाटन कर रहे हैं। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि पाटन व्यवहार से यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि पाटनरोधी शुल्क समाप्त होने की स्थिति में, संबद्ध देश के उत्पादक/निर्यातक भारत में उत्पाद का पाटन बढ़ी हुई मात्रा के स्तर पर जारी रखेंगे। यह भी नोट किया गया है कि यूरोपीय संघ और यूएसए जैसे अन्य क्षेत्राधिकार में पीयूसी का दायरा वर्तमान समीक्षा में संबद्ध वस्तुओं को कवर करता है।

घ) <u>पीओआई के बाद की सूचना</u>

109. चूंकि वर्तमान जांच एक निर्णायक समीक्षा है, इसलिए सभी हितबद्ध पक्षकारों को सूचित किया गया है कि प्राधिकारी इस जांच में जांच की अवधि के बाद की सूचना पर भी विचार कर सकते हैं और हितबद्ध पक्षकारों को निर्देश दिया गया है कि वे किए जाने वाले संभावना विश्लेषण के मद्देनजर जांच की अवधि के बाद की सूचना, यदि कोई हो, प्रस्तुत करें, जिस पर घरेलू उद्योग ने निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत की है:

<u>i. जांच अवधि के बाद संबद्ध वस्तु का आयात (डीजीसीआई एंड एस के अनुसार)</u>

तालिका – 22

मात्रा (एमटी में)					
देश	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	अप्रैल से सितंबर (2024-25)
चीन जन. गण.	1,137	1,418	2,123	2,025	483

मात्रा (एमटी में)					
देश	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	अप्रैल से सितंबर (2024-25)
कुल	1,722	1,727	2,375	2,409	572

तालिका – 23

कीमत सीआईएफ (रू/ कि.ग्रा.)					
देश	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	अप्रैल से सितंबर (2024-25)
चीन जन. गण.	53	89	120	84	58
कुल	164	132	163	140	148

ii. <u>जांच की अवधि के बाद साइट्रिक एसिड का आयात - (डीजीसीआई एंड एस के अनुसार) (संबद्ध वस्तु के उत्पादन के लिए प्रमुख कच्ची सामग्री)</u>

तालिका – 24

मात्रा (एमटी में)					
देश	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	अप्रैल से सितंबर (2024-25)
चीन जन. गण.	92,387	98,703	1,30,156	1,12,096	61,428
कुल	94,966	1,00,029	1,31,440	1,17,653	66,302

तालिका – 25

कीमत सीआईएफ (रू/ कि.ग्रा.)					
देश	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	अप्रैल से सितंबर (2024-25)
चीन जन. गण.	48.37	100.08	106.38	61.75	60.49
कुल	50.07	100.66	107.05	67.83	65.40

110. आवेदक ने जांच की अवधि के बाद के आंकड़ों के आधार पर दावा किया है कि जांच की अवधि के बाद की अवधि में चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तु के आयात की कीमत में और कटौती हुई है तथा कीमत में गिरावट जांच की अवधि की तुलना में लगभग 31% है। इसके अलावा, जांच की अवधि की तुलना में जांच की अवधि के बाद की अवधि में संबद्ध वस्तु की आयात कीमत में 31% की कमी आई है, परंतु प्रमुख कच्ची सामग्री अर्थात साइट्रिक एसिड की कीमत में केवल लगभग 4% की गिरावट आई है। घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि कीमत में इतनी अधिक गिरावट यह दर्शाती है कि चीन जन. गण. द्वारा अभी भी पाटन किया जा रहा है।

iii. <u>पीओआई के बाद की अवधि में पाटन और क्षति मार्जिन</u>

111. आवेदक ने मौजूदा पाटनरोधी शुल्क की अनुपस्थिति में संभावित स्थिति को इंगित करने के लिए जांच की अवधि के बाद की अवधि में सकारात्मक पाटन और क्षति मार्जिन का दावा किया।

ड.) <u>भारतीय बाजार की आकर्षकता</u>

112. आवेदकों ने दावा किया है कि भारतीय बाजार आकर्षक है क्योंकि भारत में संबद्ध वस्तु की मांग में लगातार वृद्धि हुई है। आधार वर्ष और जांच अवधि के बीच उत्पाद की मांग में 66% की वृद्धि हुई है जो भारत को चीनी के उत्पादकों के लिए एक आकर्षक बाजार बनाती है।

113. आवेदक ने यह भी अनुरोध किया है कि भारत चीन से निर्यात की एक महत्वपूर्ण मात्रा के लिए एक कीमत आकर्षक बाजार भी है।

114. इस संबंध में, चीन जन. गण. के सहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के उत्तरों के आधार पर मामले की जांच की गई है। चीन के उत्पादकों को भारत में बेहतर कीमत मिलने की संभावना है और अन्य देशों की तुलना में भारत में उच्च निर्यात कीमतों के कारण चीन के उत्पादकों द्वारा अपने तीसरे देशों के निर्यात को भारतीय बाजार में स्थानांतरित करने की संभावना है। रिकॉर्ड में जानकारी की जांच से निम्नानुसार पता चलता है:

तालिका – 26

विवरण	शेडोंग एनसाइन	जियांगसु गुओक्सिन
चीन से शेष विश्व को भारतीय कीमतों से कम कीमतों पर निर्यात - प्रतिक्रियाओं के आधार पर।	***	***
भारतीय मांग	***	***
भारतीय मांग के संबंध में कम कीमत वाले तीसरे देशों के निर्यात	***	***
भारतीय मांग के संबंध में कम कीमत वाले तीसरे देशों के निर्यात - % रेंज	290-300	25-35

च) **आयात ऐसी कीमतों पर प्रवेश कर रहे हैं जिनसे घरेलू उद्योग की कीमतों में काफी अधिक ह्रास या न्यूनीकरण होने की संभावना है।**

115. संबद्ध आयात पहले से ही ऐसी कीमत पर प्रवेश रहे हैं जो घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम है। आवेदन में यह भी तर्क दिया गया है कि चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं की कीमत में लगभग 28 रूपए प्रति किलोग्राम की गिरावट साइट्रिक एसिड की कीमत में गिरावट के कारण थी, जबकि चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं की कीमत में वास्तविक गिरावट 36 रूपए प्रति किलोग्राम रही है जो कच्ची सामग्री की कीमत में गिरावट के अनुपात में लगभग 8 रूपए प्रति किलोग्राम की अधिक गिरावट दर्शाती है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत में वृद्धि, बिक्री की लागत में वृद्धि के समान दर से नहीं बढ़ी, जो क्षति अवधि के दौरान कीमत ह्रास दर्शाता है। यह भी नोट किया गया है कि आयातों की पहुंच कीमत पूरी क्षति अवधि के दौरान घरेलू उद्योग की बिक्री लागत से कम रही है। पाटनरोधी शुल्क की अनुपस्थिति में संबद्ध आयातों से ऐसे कीमत प्रभाव के जारी रहने की संभावना है।

116. इस तर्क के संबंध में कि 5 वर्ष की अवधि के बाद पाटनरोधी शुल्क को समाप्त करना मानक है और शुल्क को जारी रखना मानक का अपवाद है, यह नोट किया जाता है कि *नियम 23(1ख) में उल्लेख है कि "उप-नियम (1) या 1(क) में निहित किसी भी बात के बावजूद, अधिनियम के तहत लगाया गया कोई भी निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क उसके लगाए जाने की तारीख से पांच वर्ष तक की अवधि के लिए प्रभावी होगा, जब तक कि निर्दिष्ट प्राधिकारी उस अवधि से पहले अपनी पहल पर या घरेलू उद्योग की ओर से या उसके द्वारा किए गए विधिवत रूप से साक्ष्यांकित अनुरोध पर, उस अवधि की समाप्ति से पहले तर्कसंगत अवधि के भीतर शुरू की गई समीक्षा के आधार पर इस निष्कर्ष पर नहीं पहुंचते हैं कि उक्त पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से घरेलू उद्योग के लिए पाटन और क्षति जारी रहने या उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है।"* इस प्रकार, लागू शुल्क 5 वर्ष की अवधि बीतने पर ऐसी स्थिति में समाप्त होता है, जहां नियम के अंतर्गत परिकल्पित कोई समीक्षा शुरू नहीं की जाती है और उस अवधि की समाप्ति से पहले तर्कसंगत अवधि के भीतर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जाता है। वर्तमान मामले में, नियम 23 (1ख) के तहत परिकल्पित समीक्षा समय पर शुरू की गई है और नियम के तहत कोई भी अंतिम जांच परिणाम जारी करने के लिए समय उपलब्ध है।

117. इस तर्क के संबंध में कि पाटनरोधी शुल्क लगभग दस वर्षों से लागू है तथा संबद्ध आयातों पर लगाया गया पाटनरोधी शुल्क अपने उद्देश्य को पूरा कर चुका है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि जब तक पाटन और क्षति की संभावना है, तब तक शुल्क जारी रखने का अधिदेश है तथा इस अधिसूचना में उचित स्थानों पर वर्तमान मामले के तथ्यों पर ध्यान दिया गया है।

118. इस तर्क के संबंध में कि वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग द्वारा दायर याचिका वर्तमान निर्णायक समीक्षा की शुरूआत का समर्थन करने के लिए कोई सकारात्मक साक्ष्य प्रस्तुत करने में विफल रही, प्राधिकारी नोट करते हैं कि वर्तमान जांच संभावना का निर्धारण करने के लिए प्रासंगिक साक्ष्यों की प्रथमदृष्टया संतुष्टि के आधार पर शुरू की गई थी तथा उसके बाद सभी हितबद्ध पक्षकारों के लिए संभावना के दावों के पक्ष में तथा उसके विरुद्ध साक्ष्य प्रस्तुत करने का विकल्प खुला था। इस अधिसूचना में केवल साक्ष्यों द्वारा समर्थित दावों को ही प्रासंगिक माना गया है।

119. इस तर्क के संबंध में कि प्राधिकारी को प्रचालन प्रथाओं के व्यापार उपचार मैनुअल के पैराग्राफ 17.30 के अनुसार जांच की अवधि के बाद की अवधि के दौरान आयातों की मात्रा और मूल्य के आंकड़ों की समीक्षा करनी चाहिए, यह नोट किया जाता है कि हितबद्ध पक्षकारों को जांच की अवधि के बाद की जानकारी प्रदान करने का निर्देश दिया गया है और हितबद्ध पक्षकारों से इस अवधि के लिए प्राप्त जानकारी इस अधिसूचना का हिस्सा है और ऐसी जानकारी इस मामले में निष्कर्ष का भाग बन सकती है।

120. इस तर्क के संबंध में कि भारत में 20,000-22,000 एमटी की रेंज में सीमित मांग को देखते हुए, भारतीय बाजार चीन जन. गण. के निर्यातकों के लिए कोई आकर्षक नहीं प्रतीत होता है, प्राधिकारी नोट करते हैं कि चीन जन. गण. के निर्यातकों के पास इतनी कम समग्र मांग में लगभग 10-15% बाजार हिस्सा था, जबकि पाटनरोधी शुल्क लागू था, जो भारतीय बाजार कर आकर्षकता को दर्शाता है।

ट. भारतीय उद्योग का हित और अन्य मुद्दे

ट.1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किए गए अनुरोध

121. जांच की प्रक्रिया के दौरान अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा निम्नलिखित अनुरोध किए गए हैं:

